चैत्र शुक्ल - 5 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 256 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- | बेंगलूरु » शनिवार » 13-04-2024 | www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 संन्यास के बारे में सोचा नहीं, 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहता हूं : रोहित शर्मा

6 महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा. अंबेडकर

7 कांग्रेस कुछ सालों में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी : राजनाथ सिंह



## फर्स्ट टेक

### पाकिस्तान में ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिराया गया

**पेशावर/भाषा।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को गिरा दिया गया है और उस स्थान पर एक वाणिज्यिक परिसर का निर्माण शुरू हो गया है, जो 1947 से बंद था जब इसके मूल निवासी भारत चले गए थे। 'खैबर मंदिर' खैबर जिले के सीमावर्ती शहर लैंडी कोटाल बाजार में स्थित था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा था। इस स्थान पर निर्माण करीब 10-15 दिन पहले शुरू हुआ था। विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों ने या तो हिंदू मंदिर के अस्तित्व के बारे में जानकारी होने से इनकार किया या दावा किया कि निर्माण नियमों के अनुसार हो रहा है। लैंडी कोटाल निवासी प्रमुख कबायली पत्रकार इब्राहिम शिनवारी ने दावा किया कि मुख्य लैंडी कोटाल बाजार में एक ऐतिहासिक मंदिर था। उन्होंने कहा, मंदिर लैंडी कोटाल बाजार के केंद्र में स्थित था, जिसे 1947 में स्थानीय हिंदू परिवारों के भारत चले जाने के बाद बंद कर दिया गया था।

### संदेशखालि: सीबीआई को ईमेल आईडी पर लगभग 50 शिकायतें प्राप्त हुईं

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में जमीन पर कब्जा किये जाने, महिलाओं पर अत्याचार और अन्य अपराधों से संबंधित लगभग 50 शिकायत मिली हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई को ये शिकायत एक ईमेल आईडी के जरिये मिली हैं। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को एक ई-मेल आईडी जारी की थी जिस पर लोग ऐसे अपराधों की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी को अब शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज करने से पहले आरोपों की गहन जांच करनी होगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने पहले ही अपनी ईमेल आईडी पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही प्राथमिकी दर्ज करना शुरू कर देगी।

### रूस के क्षेत्र में करीब 12 हजार मकान जलमग्न

**मॉस्को/एपी।** कजाकिस्तान की सीमा से लगे रूसी क्षेत्र में लगभग 12,000 मकान जलमग्न हो गए हैं क्योंकि यूराल नदी में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह बढ़ते पानी के दबाव के कारण नदी पर एक बांध के टूटने के बाद मॉस्को की राजधानी से लगभग 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित ऑरेनबर्ग क्षेत्र में बाढ़ के कारण हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा था।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 12-04-2024 | 14-04-2024 |
| 6:07 बजे | 6:32 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,244.90 | 22,519.40 |
| (-793.25) | (-234.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,200 रु. | 80,666 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### राजनीतिक फण्डे

है राजनीति का प्रबल अस्त्र,
दुश्मन की करना जासूसी।
सत्ता कहती है हरा जिसे,
प्रतिपक्षी कह देता भूसी।
चाहे अच्छे हो कृत्य भले,
फिर भी होती कानाफूसी।
गठबंधन होते ठगबंधन,
जिनमें चलती रूसारूसी।।



# राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा**

**यह किस तरह का चुनावी खेल था कि कांग्रेस ने इस पवित्र कार्यक्रम के न्यौते को अस्वीकार कर दिया? यह कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए एक चुनावी मुद्दा है, जबकि यह देश के लोगों के लिए श्रद्धा और विश्वास का मामला है।**

**उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)/भाषा।** अयोध्या में राम मंदिर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए 'चुनावी मुद्दा' बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि कांग्रेस को राम मंदिर से कितनी नफरत है। मंदिर का जिक्र होने पर कांग्रेस और उसका पूरा इकोसिस्टम चिल्लाने लगता है। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोदी ने उधमपुर में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के लिए प्रचार अभियान शुरू किया, जो आगामी लोकसभा चुनावों में उधमपुर सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, यह किस तरह का चुनावी खेल था कि आपने इस पवित्र कार्यक्रम के न्योते को अस्वीकार कर दिया? यह कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए एक चुनावी मुद्दा है, जबकि यह देश के लोगों के लिए श्रद्धा और विश्वास का मामला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है। जब विदेशी आक्रांताओं ने मंदिरों में तोड़फोड़ की तो भारत के लोग अपने धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए लड़े।

# ईरान ने इज़रायल पर हमले शुरू करने की बनायी योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेहरान/वार्ता/स्पूतनिक।** सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर एक घातक इजरायली हवाई हमले के बाद ईरान ने इजरायल पर हमलों की कड़ी शुरू करने के लिये क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनायी है।

ईरान ने इस बीच संकेत दिया है कि यदि उसकी मांगें पूरी कर दी जाती हैं, तो वह तनाव कम करने को तैयार है।

कुछ सूत्रों से ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं कि ईरान 48 घंटे के अंदर इजरायल पर हमला कर सकता है।

अमेरिकी ख़ुफ़िया सूत्रों ने एक सूत्र का हवाला देते हुये कहा, ईरान ने इजरायल पर कई हमले शुरू करने के लिये क्षेत्रीय प्रॉक्सी का उपयोग करने की योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि ईरान ने बहुत स्पष्ट किया कि प्रतिक्रिया नियंत्रित होगा और तनाव को बढ़ावा देने वाली नहीं होगी।

एक अन्य ईरानी सूत्र ने इससे इन्कार नहीं किया कि ईरान समर्थित एक्सिस ऑफ़ रेसिस्टेंस सैन्य गठबंधन के सदस्य किसी भी समय इज़रायल पर हमला कर सकते हैं। अनौपचारिक गठबंधन में ईरान, सीरिया, इराकी शिया मिलिशिया, लेबनान का हिजबुल्लाह और यमन का हूती शामिल हैं। गठबंधन का सामान्य लक्ष्य मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजरायल का डटकर मुकाबला करना है।

एक अन्य सूत्रों ने कहा कि ईरान गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक इससे पीछे हटने वाला नहीं है। यह भी कहा कि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है। ईरान अमेरिका से यह आश्वासन भी चाहता था कि वह नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, जिसे अमेरिका ने कथित तौर पर खारिज कर दिया है।

### भारतीयों को ईरान और इजरायल की यात्रा नहीं करने का परामर्श

नई दिल्ली/एजेन्सी। सरकार ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए ईरान और इजरायल की यात्रा नहीं करें और जो लोग वहां पहले से ही हैं, वे अत्यधिक सावधानी रखें। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां जारी परामर्श में कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक ईरान या इज़रायल की यात्रा न करें। मंत्रालय ने कहा कि वे सभी जो वर्तमान में ईरान या इज़रायल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

**अल्पसंख्यकों के संपत्ति के अधिकार बहाल करने के**

# तालिबान शासन के फैसले का भारत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के संपत्ति के अधिकार बहाल करने के निर्णय का स्वागत किया है और इसे सकारात्मक बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने ऐसी रिपोर्टें देखीं हैं। यदि तालिबान शासन ने अफगानिस्तान में हिन्दुओं एवं सिखों की संपत्ति के अधिकार को बहाल किया है तो यह एक सकारात्मक बात है।



उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसले हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को जमीनें वापस लौटाने का फैसला लिया है। तालिबान अधिकारियों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान की तालिबान शासन के इस फैसले को भारते लिए एक कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

म्यांमार में उत्तर प्रदेश के दो युवाओं का अपहरण होने की घटना के बारे में एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि दोनों युवकों को रिहा करा के स्वदेश लाया जा चुका है। भारतीय मिशन ने स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ युवकों को सुरक्षित लौटाने में भूमिका निभायी है।

**शिक्षक भर्ती घोटालों में**

## पश्चिम बंगाल में 365 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है। पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा और उम्मीदवारों से पैसे वसूलने और जानकारी लेने में कथित रूप से शामिल 'मुख्य बिचौलिए' प्रसन्न कुमार रॉय के नाम पर दर्ज भूखंडों और एक फ्लैट को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। उसने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां कुछ कंपनियों के नाम पर और दोनों के नियंत्रण वाली सीमित जवाबदेही साझेदारी (एलएलपी) के नाम पर भी हैं।

## दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जर्मनी का आतंकवादी गिरफ्तार

**खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक**

**नई दिल्ली/वार्ता।** एक बड़ी सफलता में पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते ने खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है।

वह प्रभजीत सिंह आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल जर्मनी से चला रहा था।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि राज्य की पुलिस पूरे केजेडएफ नेटवर्क और वेब से जुड़े अन्य सहयोगियों का पता लगाने के लिये काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि पुलिस राज्य में शांति और सद्भाव बनाये रखने के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में बंगाल से दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलूरु के रामेशरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा का कोलकाता के पास एक ठिकाने में मौजूद होने का पता चला जिसके बाद एनआईए की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। अधिकारियों ने कहा कि शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

## आबकारी घोटाला : के कविता 15 तक सीबीआई की हिरासत में



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।



# लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है लोकसभा चुनाव : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुनेलवेली/एजेन्सी।** तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र को बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है।

गांधी ने आज शाम यहां पलायमकोट्टई में इंडिया समूह के उम्मीदवारों के समर्थन में एक जन बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि हम यह लड़ाई जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में वैचारिक लड़ाई चल रही है। एक तरफ पेरियार के सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता के विचार और दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक देश, एक नेता और एक भाषा के हक में हैं। तमिल भाषा किसी भी अन्य भारतीय भाषा से कम नहीं है। देश में कई अलग-अलग भाषाएं, कई अलग-अलग परंपराएं, इतिहास और संस्कृतियां हैं और वे सभी हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। तमिल के बिना, बंगाली के बिना, हमारे लोगों द्वारा बोली जाने वाली बड़ी संख्या में भाषाओं के बिना कोई भारत नहीं हो सकता।

गांधी ने कहा, हम (कांग्रेस) कहते हैं कि सभी हमारे लोग हैं, हमारी सभी परंपराएं, हमारी सभी भाषाएं पवित्र हैं और वहीं भाजपा कहती हैं कि एक नेता, एक भाषा, एक परंपरा और एक इतिहास होना चाहिए।

**कुलदीप की फिरकी के बाद मैकगुर्क और**

# पंत की आतिशी पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** कुलदीप यादव (चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जैक फ्रेजर मैकगुर्क (35 गेंद में 55 रन) और कप्तान ऋषभ पंत (24 गेंद में 41 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को छह विकेट से हराकर छह मैचों में दूसरी जीत दर्ज की।

पंत और आईपीएल पदार्पण कर रहे मैकगुर्क ने तीसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 77 रन की साझेदारी की जिसमें पंत ने चार चौके और दो छक्के लगाये। ऑस्ट्रेलिया के 22 साल के मैकगुर्क ने अपनी पारी में दो चौके और पांच छक्के जड़े। एलएसजी की टीम को सात विकेट पर 167 रन रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो जबकि नवीन उल हक और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया।

आयुष बडोनी (नाबाद 55) की नाबाद अर्धशतकीय पारी और आठवें विकेट के लिए अरशद खान (नाबाद 20) के साथ 42 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी से एलएसजी ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बडोनी और अरशद की यह साझेदारी आईपीएल इतिहास में आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

'प्लेयर ऑफ द मैच' कुलदीप की शानदार गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम 13 ओवर के बाद 94 रन पर सात विकेट गवांकर संघर्ष कर रही थी लेकिन बडोनी ने 35 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।

कुलदीप ने लोकेश राहुल (39), मार्कस स्टोइनिस ( आठ) और निकोल्स पूरन (शून्य) के अहम विकेट चटकाकर लखनऊ को बड़े झटके दिये।

# 'गारंटी कार्ड' वितरण को लेकर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**बेंगलूरु।** चुनावी नैतिकता और निष्पक्ष प्रचार प्रथाओं पर एक महत्वपूर्ण चिंता व्यक्त करते हुए, कर्नाटक भाजपा ने चुनाव आयोग (ईसीआई) से राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा हस्ताक्षरित कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड के वितरण को रोकने की अपील की। भाजपा ने दलील कि क्यूआर कोड से सजे इन कार्डों के वितरण से कर्नाटक में लोस चुनाव में कांग्रेस को अनुचित लाभ प्राप्त हो सकता है। इसके अति. भाजपा ने व्यक्तिगत मतदाता विवरण के संग्रह पर आपत्ति व्यक्त किया, जो कथित रूप से इन कार्डों द्वारा प्राप्त होना आसान है। भाजपा ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। अगर इन कार्डों का उपयोग वास्तव में व्यक्तिगत मतदाता विवरण एकत्रित करने के लिए किया जा रहा है, जैसा कि भाजपा ने आरोप लगाया है, तो यह मतदाता गोपनीयता अधिकारों का उल्लंघन करके और चुनावी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करके इस मुद्दे को जटिल बना सकता है। इसलिए, भाजपा ने चुनाव आयोग के हस्तक्षेप की मांग की है और इन कार्डों के वितरण पर रोक लगाने का आग्रह किया है, विशेष रूप से इससे मतदाता व्यवहार प्रभावित होने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों का उल्लंघन होने का अनुमान है। पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ सीएन अश्वथ नारायण, विवेक एस रेड्डी और वसंत कुमार सहित भाजपा सदस्यों द्वारा शिकायत दर्ज की गई, जिसमें कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड के वितरण पर उनकी आपत्तियों पर ध्यान आकर्षित किया।



# मोबाइल चोर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु** में पुलिस ने 6 लोगों की एक गैंग को पकड़कर उनके पास से 107 मोबाइल जब्त किए हैं। संवाददाता गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने बताया कि व्हाइटफील्ड पुलिस ने यहां एक किराए के घर में रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रवि तेजा, वेंकटेश, बालाराजू, एच राजू, रमेश, साईकुमार को गिरफ्तार किया।

यह लोग बीएमटीसी बसों में यात्रा के दौरान यात्रियों के फोन चोरी करते थे और उन फोनों को दूसरे राज्यों में जाकर बेच देते थे। कोर्ट ने दस दिन की पुलिस कस्टडी में गैंग को भेजा है।

# 'यदि संविधान को जीवित रखना है तो कांग्रेस को जीतना ही होगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चामराजनगर। यहां कोल्लेगला में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि 'नरेंद्र मोदी तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं और लोकतंत्र विरोधी हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार में संविधान सुरक्षित नहीं है। यदि हमें जीवित रहना है तो संविधान को जीवित रहना होगा। अगर संविधान की रक्षा करनी है तो हमें कांग्रेस को वोट देना होगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा मुसोलिनी और हिटलर की विचारधारा में विश्वास करती है। जब इस देश में संविधान लागू हुआ तो आरएसएस ने इसका विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने अपील की कि अगर लोकतंत्र को बचाना है तो कांग्रेस उम्मीदवार को जीतना होगा।

वह शुक्रवार को कोल्लेगला शहर में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार सुनील बोस के चुनाव प्रचार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 'पिछले विधानसभा चुनाव में हमने 43 प्रतिशत वोट पाकर 136 सीटें जीतीं। सत्तारूढ़ विपक्ष ने केवल 66 सीटें जीतीं। धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करने वाली पार्टी ने 19 सीटें जीतीं थी। अब इन दोनों को इस चुनाव का डर सता रहा है। वे बिना किसी विचारधारा या कार्यक्रम के एक साथ आए हैं और कांग्रेस पार्टी का सामना कर रहे हैं। इनका कांग्रेस को हराना ही एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने यह दावा करने के लिए कुछ भी हासिल नहीं किया है कि उन्होंने किसानों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए क्या किया है। जेडीएस के एचडी कुमारस्वामी एक साल के लिए मुख्यमंत्री थे। उसके बाद बीएस येडीयुरप्पा और बसवराज बोम्मई मुख्यमंत्री थे। उन्होंने 5 साल में कुछ नहीं किया। 'वे जो पूछ रहे हैं वह मोदी के लिए वोट है, न कि काम के आधार पर।'

उन्होंने कहा कि 'भाजपा के पास मोदी के अलावा कोई चुनाव सामग्री नहीं है। 10 साल तक एनडीए के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 10 साल में क्या कहा और क्या किया? उन्होंने लोगों से चिंतन करने और फिर वोट करने का आह्वान किया।



# जम्मू एवं कश्मीर में चुनाव कराने का दावा कर मोदी ने विपक्ष के 'झूठे विमर्श' को ध्वस्त किया : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और अन्य विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे 'झूठे विमर्श' को ध्वस्त कर दिया है।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है जब प्रधानमंत्री ने उधमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं है जब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा भी वापस मिल जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश के लिए पार्टी के सह प्रभारी आशीष सूद ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देना चाहूंगा क्योंकि प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने का अपना संकल्प दोहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और अन्य विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता यह दावा करके मुद्दे पर झूठी धारणा बना रहे हैं कि भाजपा नीत केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने से डरती है। उन्होंने कहा, वे एक गलत धारणा बना रहे हैं कि जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं है, सुरक्षा स्थिति सामान्य नहीं है और भारत सरकार चुनाव कराने से डर रही है। फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और अन्य इस तरह का विमर्श गढ़ रहे थे, जिसे अब ध्वस्त कर दिया गया है। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले भी दोहराया था कि स्थितियां अनुकूल होने के बाद जम्मू एवं कश्मीर में चुनाव कराए जाएंगे।

# वोडाफोन आइडिया ने 18,000 करोड़ रुपए के एफपीओ की घोषणा की



**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा। इसकी न्यूनतम कीमत 10 रुपए और अधिकतम सीमा 11 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित की गई है। वोडाफोन आइडिया बीएसई को दी जानकारी में कहा, कंपनी के निदेशक मंडल ने 11 अप्रैल 2024 को हुई अपनी बैठक में 18,000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी। कंपनी के अनुसार, पूंजी जुटाने वाली समिति ने आज यानी 12 अप्रैल 2024 को हुई अपनी बैठक में एफपीओ जारी करने के लिए मूल्य दायरे को मंजूरी दे दी। वर्ष 2020 में यस बैंक के पिछले सर्वाधिक 15,000 करोड़ रुपए की शेयर बिक्री के बाद यह सबसे बड़ा एफपीओ होगा। वीआईएल ने कहा कि वह 15 अप्रैल 2024 के सप्ताह से बोली बंद होने के दिन तक भारत भर के विभिन्न शहरों में रोड शो में हिस्सा लेगा और निवेशकों तथा विश्लेषकों के साथ बातचीत करेगा। निदेशक मंडल ने एंकर (बड़े) निवेशकों के लिए बोली लगाने का दिन 16 अप्रैल 2024 तय किया है। एफपीओ की घोषणा के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में वोडाफोन आइडिया के शेयरों में गिरावट आई।

# मैसूरु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ''राजा बनाम आम आदमी' के बीच कड़ा मुकाबला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**मैसूरु।** कर्नाटक के मैसूरु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी मुकाबला ''राजा बनाम आम आदमी'' के बीच है और क्षेत्र के लोगों के बीच इस बात की दुविधा है कि वे भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार तथा कांग्रेस के एम लक्ष्मण के बीच किसे चुनें। पूर्ववर्ती मैसूरु शाही परिवार के वंशज वाडियार मैसूरु लोकसभा क्षेत्र से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर रहे हैं जहां उनका मुकाबला कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रवक्ता और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के करीबी लक्ष्मण से है।

सिद्दरामैया ने इस क्षेत्र में जितने दौरे किए हैं और प्रचार अभियान किया है उससे सर्वविदित है कि उन्होंने अपना पूरा ध्यान इन क्षेत्र पर केन्द्रित किया है।

जिले के वरुणा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सिद्दरामैया कह चुके हैं, 'लक्ष्मण को वोट देना मेरे लिए वोट करने जैसा है। उनकी जीत का मतलब मेरी जीत है।' कांग्रेस ने लक्ष्मण को चुनाव मैदान में उतार कर जाति कार्ड भी खेलने की कोशिश की है। उसने इस बात पर जोर दिया है कि लक्ष्मण इस क्षेत्र में प्रभुत्व रखने वाले कृषक समुदाय वोक्कालिगा से ताल्लुक रखते हैं।

मैसूरु शहर के बाहरी इलाके थालुरु में पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे 'अश्वत्थ कट्टे' पर बैठे किसान राजू गौड़ा ने पीटीआई से बातचीत में कहा, ''राष्ट्रीय मुद्दे मायने रखते हैं लेकिन हमें स्थानीय स्तर पर भी सोचना होगा।''

उन्होंने कहा, यह सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के बीच ही मुकाबला नहीं है, बल्कि यह मैसूरु के महाराजा और लक्ष्मण के बीच भी मुकाबला है।'' जनता दल (सेक्युलर) का निर्वाचन क्षेत्र में काफी वोट-आधार है और उसने भाजपा के साथ गठबंधन किया है। इसे एक ऐसा कदम माना जा रहा है जिससे 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में 32 वर्षीय वाडियार को काफी फायदा होगा।

मैसूरु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दो जिलों मैसूरु और कोडागु में फैला हुआ है। 2023 के विधानसभा चुनाव में, कांग्रेस ने पांच, जद (एस) ने दो और भाजपा ने एक सीट जीती थी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस चुनाव में स्थानीय मुद्दे भी मायने रखेंगे जिनमें पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का प्रदर्शन और अपने गृह जिले में सिद्दरामैया का काम शामिल है।

अमेरिका से शिक्षा प्राप्त वाडियार चुनावी राजनीति जल्दी सीखने की कोशिश करते प्रतीत हो रहे हैं, वे मतदाताओं से कन्नड़ भाषा में बात कर रहे हैं जिससे लोग उनसे जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। सिद्दरामैया, लक्ष्मण और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार 'वोक्कालिगा के लिए वोट' अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं। शिवकुमार खुद भी वोक्कालिगा हैं और उन्होंने लक्ष्मण के लिए समर्थन जुटाने के लिए समुदाय के नेताओं के साथ बैठकें की हैं।

वहीं इस सप्ताह की शुरुआत में वाडियार, भाजपा और जद (एस) के कई लोकसभा उम्मीदवारों ने प्रभावशाली आदि चुंचनगिरि मठ के वोक्कालिगा पुजारी डॉ निर्मलानंद नाथ स्वामीजी के 'दर्शन' किए थे। कर्नाटक में दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं।

राज्य के दक्षिणी हिस्सों में 14 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा वहीं उत्तरी हिस्सों में शेष 14 निर्वाचन क्षेत्रों में 7 मई को दूसरे चरण में मतदान होगा।

# 'गणवेश' धारण कर कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल हुए

**गदग।** कर्नाटक में पूर्व भाजपा नेता एवं लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता रहे मेनसागी निंगबासप्पा बानाड संगठन के ही गणवेश में कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होकर राजनीति के गलियारों में चर्चा के पात्र बन गये हैं। कांग्रेस ने बागलकोट संसदीय सीट पर पार्टी उम्मीदवार संयुक्ता पाटिल के समर्थन में नरगुंद में समारोह का आयोजन किया था।

समारोह में निंगबासप्पा आरएसएस का गणवेश धारण किये शामिल हुए। इस मौके का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। प्रमुख कांग्रेसी नेता एवं राज्य के मंत्री शिवानंद पाटिल उनके स्वागत के लिए कार्यक्रम में मौजूद रहे।

आरएसएस के साथ करीब तीन दशकों से जुड़े निंगबासप्पा ने प्रतीकात्मक पहल का संकेत देते हुए समारोह के दौरान आरएसएस की टोपी हटा दी और कांग्रेस की सफेद टोपी पहन ली, जो नयी राजनीतिक संबद्धता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को परिलक्षित करती है। दूसरी तरफ स्थानीय भाजपा नेता तर्क दे रहे हैं कि निंगबासप्पा का यह क्रियाकलाप सिर्फ ध्यान खींचने का स्टंट हो सकता है।



# रमेश फिर बने बेंगलूरु इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन के अध्यक्ष, अरुण बने महामंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** शहर के इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर बाजार की इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन के वार्षिक साधारण सभा में एक बार फिर रमेश धोका को आगामी 2 वर्षों के लिए अध्यक्ष चुना गया। साथ ही महामंत्री का दायित्व अरुण लुणावत को सौंपा गया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ललित डाकलिया ने बताया कि चुनाव अधिकारी कमलसिंह दुग्गड़ और जीपी सिंह ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की घोषणा की। अध्यक्ष रमेश धोका ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और पिछले कार्यकाल में सभी सदस्यों द्वारा प्राप्त सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। महामंत्री अरुण लुणावत ने पिछले दो वर्षों में हुए कार्यों का प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष जयंतीलाल बोहरा ने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। टीम युवा शक्ति के जनसंपर्क अधिकारी ललित बड़ोला ने संस्था द्वारा मानवसेवा और जीवदया, चिकित्सा और साधर्मिक भक्ति के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, महामंत्री के साथ उपाध्यक्ष विशाल वरंदानी, मदनलाल धोका, कोषाध्यक्ष जयंतीलाल बोहरा, सह कोषाध्यक्ष भरत कुमार जैन, संगठन मंत्री आलोक गंग, पूर्व अध्यक्ष महावीर पगारिया, सहमंत्री विजय आहुजा, नरपत राव, चुनाव अधिकारी द्वय का सम्मान किया गया। उपाध्यक्ष विशाल वरन्दानी ने धन्यवाद दिया।

# ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का परिचालन

**बेंगलूरु।** यहां दक्षिण पश्चिम रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए यात्रियों की मांग पर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## एसएमवीटी बेंगलूरु-खड़गपुर विशेष ट्रेन

ट्रेन नंबर 06507 एसएमवीटी बेंगलूरु-खड़गपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 12, 19, 26 अप्रैल, 3, 10 और 17 मई को 15:50 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 02:45 बजे खड़गपुर पहुंचेगी।वापसी में यह ट्रेन नंबर 06508 खड़गपुर-एसएमवीटी बेंगलूरु साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 15, 22, 29 अप्रैल, 6, 13 और 20 मई को 14:00 बजे खड़गपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:50 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी।

## मैसूरु से अजमेर के लिए विशेष ट्रेन

ट्रेन नंबर 06281 मैसूर-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 13, 20, 27 अप्रैल, 4, 11 और 18 मई को सुबह 10:00 बजे मैसूर से रवाना होगी और तीसरे दिन 04:00 बजे अजमेर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 06282 अजमेर-मैसूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 16, 23, 30 अप्रैल, 7, 14 और 21 मई को 20:10 बजे अजमेर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 16:40 बजे मैसूरु पहुंचेगी।

## हुब्बल्ली से गौतमनगर के लिए विशेष ट्रेन

ट्रेन नंबर 07305 एसएसएस हुब्बल्ली-गोमती नगर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 13, 20, 27 अप्रैल, 4, 11 और 18 मई को एसएसएस हुब्बल्ली से 08:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 10:30 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 07306 गोमती नगर-एसएसएस हुब्बल्ली साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 16, 23, 30 अप्रैल, 7, 14 और 21 मई को 10:45 बजे गोमती नगर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 12:50 बजे एसएसएस हुब्बल्ली पहुंचेगी।

## भुवनेश्वर से यशवंतपुर के लिए विशेष ट्रेन


ट्रेन संख्या 02811 भुवनेश्वर-यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 13, 20, 27 अप्रैल, 4, 11, 18 और 25 मई को 19:15 बजे भुवनेश्वर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:55 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 02812 यशवंतपुर-भुवनेश्वर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 15, 22, 29 अप्रैल, 6, 13, और 20, और 27 मई को सुबह 05:00 बजे यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:15 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी।

## भगत की कोठी से एमएमवीटी बेंगलूरु के लिए विशेष ट्रेन

ट्रेन नंबर 04809 भगत-की-कोठी-एसएमवीटी बेंगलूरु साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 21 और 27 अप्रैल को भगत-की-कोठी से 05:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:30 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04810 एसएमवीटी बेंगलूरु-भगत-की-कोठी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल 23 और 29 अप्रैल, 2024 को एसएमवीटी बेंगलूरु से 16:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 12:40 बजे भगत-की-कोठी पहुंचेगी।

# सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करते हुए यहां एक अदालत में शुक्रवार को याचिका दायर की।

सिसोदिया को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आज इस याचिका पर सुनवाई कर सकती हैं। सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया।

जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि लाभार्थियों ने आरोपियों को अवैध लाभ पहुंचाया और जांच से बचने के लिए उनके बहीखातों में गलत प्रविष्टियां कीं। सीबीआई ने ''घोटाले'' में कथित भूमिका के लिए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से निकले धन शोधन के मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

# बागी भाजपा नेता ईश्वरप्पा, खरगे के दामाद डोड्डामणि ने नामांकन पत्र दाखिल किए



**शिव्वमोग्गा।** भारतीय जनता पार्टी के बागी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने शिव्वमोग्गा सीट पर सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। ईश्वरप्पा का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र येडीयुरप्पा से होगा।

कलबुर्गी में, कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी उनके साथ थे।

राघवेंद्र भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य बी एस येडीयुरप्पा के बेटे हैं।

भाजपा नेताओं ने ईश्वरप्पा से चुनाव नहीं लड़ने की अपील की थी लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रहे। पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष रह चुके ईश्वरप्पा अपने बेटे के.ई. कांतेश को हावेरी संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने से नाराज हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि येडीयुरप्पा ने उनके बेटे को टिकट दिलाने का वादा किया था लेकिन उनके साथ विश्वासघात किया।

पार्टी की प्रदेश इकाई के खिलाफ बगावत का झंडा उठाने वाले ईश्वरप्पा (75) ने लिंगायत समुदाय के प्रभावशाली नेता येडीयुरप्पा पर बार-बार निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा उनके परिवार के चंगुल में है। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों में 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा।

# कर्नाटक में मोदी का खास असर नहीं : डॉ. परमेश्वर

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खास असर नहीं है और उनके प्रचार से यहां के मतदाता कतई प्रभावित नहीं हो सकते। डॉ. परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 224 में से 135 सीटें हासिल करने और सरकार बनाने में कांग्रेस पार्टी की सफलता से स्पष्ट है कि मोदी का प्रभाव कर्नाटक और पूरे भारत में उतना महत्वपूर्ण नहीं हो सकता है जितना दावा किया जाता है। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता। मोदी जी 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे सम्मान के साथ 15 बार प्रदेश के दौरे पर आये। लेकिन क्या हुआ? हमने 224 में से 135 सीटें हासिल कीं और हमने अपनी सरकार बनायी।'

उन्होंने कहा कि देश, खासकर कर्नाटक के लोगों की धारणा में बदलाव आया है। उन्होंने राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की बड़ी संख्या में सीटें जीतने की क्षमता पर विश्वास जताया। उन्होंने जोर दिया के राज्य की 28 सीटों में से कांग्रेस 20 से अधिक सीटें हासिल करेगी। चुनावों में कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं के बारे में डॉ परमेश्वर ने कहा कि 10 अंकों के पैमाने पर कांग्रेस उम्मीदवार को नौ अंक मिलेंगे, जबकि इसके विपरीत भाजपा के उम्मीदवार को केवल दो या तीन अंक ही मिलेंगे, जिससे दोनों उम्मीदवारों के बीच गुणवत्ता में महत्वपूर्ण असमानता का पता चलता है।

# एसईजेड कानून में संशोधन नई सरकार के 100 दिनों के एजेंडा में शामिल होने की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) कानून में प्रस्तावित संशोधन के अगली सरकार के पहले 100 दिनों के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है।

सूत्रों ने सोमवार को कहा कि प्रस्तावित संशोधन विधेयक को संसद के मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है। मानसून सत्र नवनिर्वाचित सरकार का पहला सत्र होगा जिसमें 2024-25 के लिए पूर्ण बजट भी पेश किया जाएगा। लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया इस समय जारी है और सात चरणों में मतदान होने के बाद चार जून के नतीजे सामने आएंगे।

वाणिज्य मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने कहा कि सरकार एसईजेड में निर्मित उत्पादों की घरेलू बाजार में बिक्री के लिए एक लचीली रूपरेखा और इकाइयों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने जैसे कई उपायों पर विचार कर रही है। इस संशोधन के जरिये सरकार एसईजेड को पुनर्जीवित करने में मदद और एसईजेड एवं घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) या घरेलू बाजार के बीच व्यापार लेनदेन को सुविधाजनक बनाना चाहती है।

एसईजेड ऐसे अधिसूचित क्षेत्र होते हैं जिन्हें व्यापार एवं सीमा शुल्क के लिहाज से विदेशी क्षेत्र माना जाता है और इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क-मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन प्रस्तावों पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक भी की थी।

पिछले साल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि सरकार क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एसईजेड में इकाइयों के लिए कुछ प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रही है।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट

# दो आरोपियों को किया पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा का कोलकाता के पास एक ठिकाने में मौजूद होने का पता चला जिसके बाद एनआईए की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। अधिकारियों ने कहा कि शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

एक अधिकारी ने कहा, ''12 अप्रैल 2024 की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे।'' अधिकारी ने बताया कि एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलूरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट के लिए भाजपा ने कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने शुक्रवार को सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में जिन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, वे कांग्रेस के 'भाई' हैं। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है, एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में कांग्रेस के 'भाइयों' को हिरासत में लिया है। जब से कर्नाटक में जिहादी टीपू सुल्तान के प्रशंसक सत्ता में आए हैं, आतंकवादियों को खुली छूट मिल गई है। भाजपा ने एक्स एकाउंट पर लिखा, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया की 'ईज ऑफ डूइंग टेरर' नीतियों ने आईएसआईएस को अब कर्नाटक में अपनी दुकान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने जो एकमात्र गारंटी पूरी की है, वह समृद्ध कर्नाटक को आतंकवाद के केंद्र में बदलना है।

इससे पहले, कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की विस्फोट में व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के कोण की जांच संबंधी टिप्पणियों के आधार पर उनके देश-विरोधियों की सूची में शामिल होने का आरोप लगाया था। विजयेंद्र ने मंगलूरु कुकर विस्फोट के आरोपियों के बारे में शिवकुमार के बयान को 'मेरा भाई नीति' का हिस्सा बताया, जिसमें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के प्रति कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की उदारता का सुझाव दिया गया।

विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि जब भी सिद्दरामैया सत्ता में आते हैं तो आतंकवादियों का हौसला बढ़ जाता है।

गौरतलब है कि एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा को कोलकाता के एक ठिकाने से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि शाजिब ने कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने तथा उसे अंजाम देने का मास्टरमाइंड था। ताहा पर आतंकवादी गतिविधि के संभावित व्यापक नेटवर्क में शामिल होने का आरोप है क्योंकि वह अन्य मामलों में भी जांच एजेंसियों द्वारा वांछित है

## आरोपियों की मेडिकल जांच कराई गई

कोलकाता। बेंगलूरु कैफे विस्फोट मामले के दो आरोपियों की मेडिकल जांच शुक्रवार को यहां एक मेट्रोपॉलिटन अदालत में पेश करने से पहले एक सरकारी अस्पताल में करायी गई। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक वकील ने कहा कि उन्हें ट्रांजिट रिमांड के लिए बैंकशाल अदालत ले जाया गया।

रामेश्वरम कैफे गिरफ्तारी

# भाजपा और टीएमसी में जुबानी जंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/कोलकाता। बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में पश्चिम बंगाल से दो आरोपियों की शुक्रवार को गिरफ्तारी से राज्य में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासन ने राज्य को आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना दिया है। भाजपा की टिप्पणी पर टीएमसी और पश्चिम बंगाल पुलिस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें कहा गया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राज्य पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। पश्चिम बंगाल में भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट में दो मुख्य संदिग्धों, हमलावर मुसव्विर हुसैन शाजिब और उसके साथी अब्दुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता से हिरासत में लिया। दोनों संभवतः कर्नाटक के शिवमोग्गा में आईएसआईएस सेल से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, ''पश्चिम बंगाल ममता बनर्जी के तहत आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।'' मालवीय के पोस्ट के कुछ ही मिनट के भीतर, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने दावा किया कि आरोपियों को एनआईए ने पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पश्चिम बंगाल पुलिस ने बेंगलूरु-कैफे विस्फोट के संबंध में गिरफ्तारी के माध्यम से बहुत बढ़िया काम किया है। यहां तक कि एनआईए ने भी अपने बयानों में इसे स्वीकार किया है। किसी भी विरोधी ताकत से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। लेकिन मैं भाजपा और उनके चेलों से पूछना चाहता हूं- ''ये गिरफ्तारियां कहां से की गई हैं? कांथी! हम सभी जानते हैं कि कौन सा परिवार और भाजपा का मुख्य नेता कोंताई से अवैध गतिविधियां चलाता है।'' कांथी या कोंताई को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और उनके परिवार के गढ़ के रूप में जाना जाता है। घोष ने राज्य एजेंसियों से घटना में परिवार की कथित भूमिका की जांच करने का अनुरोध किया।



# अनन्या सीए बनना चाहती है



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भाजपा मीडिया विभाग की राज्य मीडिया समिति सदस्य नागेश बी और कविता की बेटी अनन्या नागेश ने दूसरी पीयूसी परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक (600/593) प्राप्त कर कर्नाटक राज्य के वाणिज्य विभाग में पाचवां स्थान प्राप्त किया है। यलहंका के नागार्जुन पीयू कॉलेज में पढ़ने वाली अनन्या को कन्नड़ में 100 में से 100, अंग्रेजी में 96, बिजनेस स्टडीज में 99, अकाउंटेंसी में 99, सांख्यिकी में 99, बेसिक गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वह आगे सीए की पढ़ाई करना चाहती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येडीयुरप्पा ने उन्हें शॉल ओढाकर सम्मानित किया।



# 'इंडि' गठबंधन के पक्ष में जन समर्थन की एक अदृश्य लहर है : खरगे का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

> खरगे ने कहा, वह (मोदी) एक तरफ भगवान का नाम जपते हैं और दूसरी तरफ गरीब लोगों को महंगाई से कुचल रहे हैं। यदि गरीब लोग जी रहे हैं तो यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी के कारण हो रहा है।

कलबुर्गी। कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडि' गठबंधन के पक्ष में, दिखाई न पड़ने वाली (अदृश्य) जन समर्थन की एक लहर है, जिसके भय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापक प्रचार कर रहे हैं। खरगे ने मोदी को चुनौती दी कि वे अयोध्या मंदिर में राम की मूर्ति की शपथ लें और बताएं कि क्या उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को 15 लाख रुपये दिए, जिसका वादा उन्होंने काला धन देश में वापस लाने पर देने का वादा किया था? क्या उन्होंने किसानों की आय दोगुनी की, दो करोड़ रोजगार दिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया?

पूर्व केंद्रीय मंत्री खरगे ने कहा, वह (मोदी) एक तरफ भगवान का नाम जपते हैं और दूसरी तरफ गरीब लोगों को महंगाई से कुचल रहे हैं। यदि गरीब लोग जी रहे हैं तो यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी के कारण हो रहा है। खरगे ने अपने दामाद राधाकृष्ण दोड्डामणि के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। दोड्डामणि ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कलबुर्गी (गुलबर्गा) से अपना नामांकन दाखिल किया है।

खरगे ने यहां वर्ष 2009 और 2014 में लोकसभा चुनाव जीता था लेकिन 2019 में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार उमेश जाधव से हार गए थे। खरगे ने अपने गृह जिले में भाषण देते हुए कहा, इंडिया के समर्थन में दिखाई न पड़ने वाली समर्थन की एक लहर है। यह दिखाई नहीं देती। मोदी इन दिनों इतने दौरे भी इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि 'इंडि' गठबंधन के पक्ष में समर्थन की एक अदृश्य लहर है। यही कारण है कि वे संकरी गलियों में जा रहे हैं और रोड-शो कर रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया, ''मोदी लोगों को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), आयकर विभाग, सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और विजिलेंस (सतर्कता विभाग) के माध्यम से डरा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' मान लीजिए कि हमारी पार्टी में लोग भ्रष्ट थे लेकिन क्या वे आपकी पार्टी (भाजपा) में आने के तुरंत बाद बेदाग हो गए? इसलिए मैं अक्सर कहता हूं कि ''मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पास एक विशाल वॉशिंग मशीन है जिसमें न केवल कपड़े बल्कि दागदार नेता भी डाले जाते हैं।

एक बार उसमें डालने के बाद, वे बेदाग होकर निकलते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''आपने उन पर एक मामला दर्ज किया था और आपकी पार्टी में आकर वे बेदाग कैसे हो गए? आपने (मोदी) कहा था कि आप भ्रष्ट लोगों को नहीं छोड़ेंगे, लेकिन वे लोग अब आपके बगल में बैठे हैं। आप उन भ्रष्ट लोगों को साथ लेकर शासन कर रहे हैं।'' खरगे ने भाजपा पर कुछ राज्यों में विपक्ष शासित सरकारों को अस्थिर करने में शामिल होने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने कहा, आपने यह कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश में किया। हर जगह आपने पार्टियों को नष्ट कर दिया और अपनी सरकार बना ली। ये मोदी और शाह के लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। उन्होंने 'मोदी की गारंटी' पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ''वह (मोदी) आते हैं और कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है। हमने पांच गारंटी दी, जिसे हमने (कर्नाटक में) लागू किया है। मोदी हमारी गारंटी की नकल कर रहे हैं।


## THE SPECIAL OFFICER AND COMPETENT AUTHORITY, (UNDER KPIDFE - IMA & OTHER SCAM)

3rd Floor, Podium Block, V.V Tower, Dr. Ambedkar Veedhi, Bengaluru-560001
Tel:080-29604556,29566556,29565353, E-mail: splocaima21@gmail.com

**SPLOCA/Equinox/01/2024-25** **Dated:10.04.2024**

**PUBLIC NOTICE FOR CALLING CLAIMS RELATING TO M/S EQUINOX LAND PROJECT INDIA & ITS GROUP ENTITIES**

Public Notice under Section 7(2) of the Karnataka Protection of Interest of Depositors In Financial Establishments Act, 2004 (KPIDFE) calling for submission of claims from the secured creditors and depositors of M/S EQUINOX LAND PROJECT INDIA & ITS GROUP ENTITIES

Claim forms will be issued at the office of the Special Officer, & Competent Authority, ( IMA & Other KPID Cases) 4th Floor, podium block, Vishveshwaraiah Tower, Dr.B.R.Ambedkar Road, Bengaluru-560001 to the depositor/authorized representative/nominee and in the absence of the nominee, the power of attorney holder on production of identity proof and proof of investment such as original copies of Bonds, official letter and PoA documents.

Starting date of issuing claim applications : **15.04.2024 10.00am,** Last date for submission of claim applications : **14.05.2024 5.30pm**

**Documents To Be Produced For Verification:**

**1.** Original ID- Aadhar, PAN/Epic with xerox for attestation. **2.** Bank pass sheets 2 months prior to date of investment to till date in - M/s Equinox Land project India & Its Group Entities, duly attested by the bank manager to be furnished, **3.**Copy of passbook with copy of pages showing KYC. **4.**Original Bonds / Agreements / Notarized Affidavits/Other Substitute Documents issued. **5.** General power of attorney in the case of Authorized Agent and statutory documents shall be produced in the original. **6.** Where copies are allowed as support documents, either ink signed attested clear xerox copy of every page shall be provided or original shall be provided alongside xerox copy for attestation by concerned officer. Scans / WhatsApp copies are not acceptable. **7.** Passbook Issued by FE**. 8.** As per Section 7(4) and 7(5) of the Act, the secured creditors are required to value the security before the expiry period of 1 month from 10/04/2024 and send it along with their claim statements, failing which the competent authority shall get the valuation of the security to the best of its judgement which shall be binding on the secured creditors.

In case of death or hospitalization of the depositor, his nominees/heirs have to submit the following documents as proof for their identity and investment.

| Sl. No. | Depositors/ Depositor's Nominees | Documents to be submitted. |
|---|---|---|
| 1. | Depositors | Depositors should submit the documents duly notarised with Notary/Gazetted Officer/and with self-declaration. |
| 2. | Nominee | **1.** Death certificate of the depositor. **2.** Family tree (To be obtained from Tahsildar) **3.** Nominee should self-attest the above documents. |
| 3. | Legal heirs | **1.** Death Certificate of the depositor **2.** Family tree (To be obtained from the Tahsildar) **3.** Death certificate of the specific nominee (Specific Nomination of the Death Certificate) **4.** Legal heir's Certificate – Court Order **5.** Legal Heir should submit self-attested above documents. **6.** Consent from other Legal heirs |
| 4. | PoA – Power of Attorney | **1.** Documents supporting hospitalization of the depositor. (In case of critical illness, a report from Medical Officer should be submitted) **2.** Apostilled copy citizen card and passport in case of depositor residing outside India. **3.** For Sl. No. (1) and (2) Notarised Power of Attorney Certificate should be submitted. **4.** POA holder should submit self-attested above documents. |
| 5. | Guardian of minor | **1.**Death certificate of depositor. **2.** Document regarding appointment of guardian. **3.** Self-attested documents of above. |

Applicants submitting the claim applications should submit the below mentioned documents as proof of investments in **M/s Equinox Land Project India Limited & its group of entities.**

| Sl. No. | Depositors/ Depositor's Nominees | Documents to be submitted. |
|---|---|---|
| 1. | Savings Deposit | **1.** Copy of front page of passbook with photograph. **2.** Savings Deposit Passbook issued by the financial establishment **3.** Transaction Statement page in Passbook of claimed amount. Depositors/Nominees/Legal Heirs/PoA holders must submit the above documents duly attested by Notary/Gazetted Officers/self. |
| 2. | Fixed Deposit | **1.**Copy of front page of passbook with photograph. **2.** Deposit Bond/ Certificate/Fixed Deposit Certificate/Other **3.** Transaction Statement page in Passbook of claimed amount. Depositors/Nominees/Legal Heirs/PoA holders must submit the above documents duly attested by Notary/Gazetted Officers/self. |
| 3. | Cumulative Deposit | **1.**Copy of front page of passbook with photograph. **2.** Cumulative Deposit Certificate **3.** Transaction Statement page in Passbook of claimed amount. Depositors/Nominees/Legal Heirs/PoA holders must submit the above documents duly attested by Notary/Gazetted Officers/self. |
| 4. | Recurring Deposit | **1.**Copy of front page of passbook with photograph. **2.** Recurring Deposit Passbook issued by the financial establishment **3.** Transaction Statement page in Passbook of claimed amount. Depositors/Nominees/Legal Heirs/PoA holders must submit the above documents duly attested by Notary/Gazetted Officers/self. |
| 5. | MES Deposit | **1.** Copy of front page of passbook with photograph. **2.** MES Deposit Passbook issued by the said financial establishment **3.**Transaction Statement page in Passbook of claimed amount. Depositors/Nominees/Legal Heirs/PoA holders must submit the above documents duly attested by Notary/Gazetted Officers/self. |

1. Any application received after the last date fixed for submission of claims under Section 7(3) of the KPIDFE Act shall not be accepted under the provisions of the Act.
2. Any claim based on concocted documents or forged documents shall be rejected and criminal action will be initiated against such applicants.
3. For more information regarding the procedures for submission of applications, applicants may contact the Office of the Special Officer & Competent Authority, ( IMA & Other KPID) Cases Bengaluru 4th Floor, podium block, Vishveshwaraiah Tower, Dr.B.R.Ambedkar Road, Bengaluru-560001
4. Applicants who have invested in more than one scheme in **M/s Equinox Land Project India Limited & its group entities** must submit the claims in separate applications.

**Sd/-**
**The Special Officer & Competent Authority**
**(Under KPIDFE - IMA & Other Scam) Bengaluru, Karnataka**

**DIPR/CP/17/Zen/2024-25**





# देश का संविधान किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता खत्म : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाड़मेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान को गीता, रामायण, कुरान, बाइबल एवं देश का सब कुछ बताते हुए कहा हैं कि देश का संविधान किसी भी हालत में खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। मोदी शुक्रवार को बाड़मेर में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के बयान इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार का नारा संविधान बदलने का प्रयास पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारा संविधान गीता, रामायण, कुरान एवं बाइबल तथा देश का सब कुछ हैं और इसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर खुद आ जाये तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, आज वह मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मोदी ही है जिसने देश में संविधान दिवस मनाना शुरु किया जबकि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था जो यह बाबा साहब का अपमान हैं।

उन्होंने बाबा साहब का अपमान करने वालों से सावधान रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस सुन ले कि इस बार 400 पार की बात जनता ने इसलिए की हैं कि इससे कांग्रेस को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले इतनी नफरत से भरे हुए है कि इनके घोषणा पत्र में भी यह नजर आने लगा है और इसमें बंटवारे एवं मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोग कहते हैं कि उनकी सरकार आने पर वे भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत के पडौसी देशों के पास परमाणु हथियार हो और ऐसी स्थिति में हमारे देश के परमाणु हथियार समाप्त करना किस सोच को दर्शाता हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस से पूछना चाहते है कि उसके साथी इंडिया गठबंधन के लोग किस इशारे पर काम कर रहे है और यह कैसा गठबंधन हैं जो भारत को शक्तिहीन करना चहता है। यह गठबंधन परमाणु समाप्त करना चाहता है। उन्होंने जनता से पूछा क्या देश में परमाणु हथियार समाप्त कर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी देश को शक्तिशाली बनाना चाहता हैं जबकि ये लोग इसे कमजोर करने का ऐलान कर रहे हैं। ऐसे सोचने वालो को सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने ऐसे गठबंधन से सतर्क रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान में कहते हैं कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया हैं तो राजस्थान से इसका क्या वास्ता हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के वीरों ने सीमा पर कश्मीर के लिए सीने पर गोलिया खाई है और पूछते हो कि राजस्थान का इससे क्या वास्ता हैं। जिन पंडितों को कश्मीर से खदेड़ा था तब उन्हें राजस्थान ने बसाया था।

उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस को फिर एक बार सबक सिखाना हैं। कांग्रेस उस हर ताकत के साथ खड़ी हो जाती है जो देश विरोधी होती है। वह राममंदिर निर्माण का बहिष्कार करती है और सीएए का भी विरोध करती है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस प्रदेश में एक भी सीट जीतने की हकदार है। इस बार तो चुनाव में उसकी जमानत जानी चाहिए।

मोदी ने शुरु में अपने भाषण की शुरुआत राम राम सा से करते हुए कहा कि राजस्थान की यह वो धरती है जिसके वीरों की कहानियां आज भी सीमा पार खौफ पैदा करती है। यह जन सैलाब यह बताता है कि बाड़मेर जनता भाजपा को भरपूर आशीर्वाद देने का संकल्प ले चुकी है। इस चुनाव में एक-एक वोट विकसित भारत की नींव मजबूत करेगा, यह चुनाव देश का चुनाव है, इसलिए पूरा कह रहा है कि देश चार जून 400 पार एवं फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच-छह दशक से ज्यादा देश पर हुकूमत की लेकिन देश की कोई एक बड़ी समस्या जिसका संपूर्ण समाधान नहीं किया हैं और राजस्थान से इस बात को बेहतर कौन जानेगा। देश को लहू से सींचने वाले राजस्थान को कांग्रेस ने पानी के लिए प्यासा रखा और उसने पिछले 70 साल में किसी की नहीं सुनी। उन्होंने कहा देश की जनता ने इस मोदी को सेवा करने का मौका दिया और मैंने जल जीवन मिशन शुरु कर इस त्रासदी को खत्म करने का बेड़ा उठाया।

उन्होंने कहा कि 50 लाख घरों तक पानी पहुंचाया गया है लेकिन राजस्थान में कांग्रेस जितने दिन सरकार में रही इसमें भी जमकर भ्रष्टाचार किया। राजस्थान में पानी के लिए कांग्रेस ने ईआरसीपी योजना को पूरी नहीं होने दी जबकि प्रदेश में भाजपा की भजनलाल सरकार ने अपने सौ दिन के भीतर ही इस परियोजना को पास कराया दिया। हरियाणा से पानी का समझौता भी हो गया। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि राजस्थान के हर घर तक पानी पहुंचाया जाए।

मोदी ने कांग्रेस की सोच विकास विरोधी बताते हुए कहा कि वे देश के सीमावर्ती गांवों को देश के आखिरी गांव कहते हैं और जानबूझकर इन गांवों को विकास से वंचित रखा गया। ये लोग कहते थे कि सीमा का विकास होगा तो दुश्मन के देश के अंदर आकर कब्जा करने की संभावना बढ़ जायेगी। उन्होंने दहाड़ लगाते हुए कहा कि किस दुश्मन के कलेजे में हिम्मत हैं कि बाड़मेर की सीमा में घुसकर कब्जा करने की सोचे। उन्होंने कहा हम सीमावर्ती इलाकों के गांवों को आखिरी गांव नहीं, देश के प्रथम गांव मानते है और हामरे लिए देश की सीमाए आखिरी नहीं होती है, हमारे लिए देश यहां से शुरु होता है। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपल्बधियां गिनाते हुए कहा कि चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास मिले और बाड़मेर को पौने दो लाख गरीबों को पक्के आवास का लाभ मिला हैं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार देश की आखिरी सीमा तक सड़के हाइवे बना रही है और बाड़मेर में मेडिकल कालेज खोला गया हैं। सीमावर्ती बाड़मेर में 72 हजार करोड़ से रिफाइनरी शुरु होने जा रही है। अगर कांग्रेस न होती तो मेरे दूसरे कार्यकाल में ही इसका उद्घाटन हो जाता। कंग्रेस सरकार ने रुकावेटे डाली लेकिन तीसरे कार्यकाल में मैं इसका उद्घाटन करने जरूर आउंगा और चुनाव का घन्यवाद भी दूंगा। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और युवाओ के लिए नये रास्ते बनेंगे। उन्होंने गुजरात के कच्छ में हुए विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि जब कच्छ बदल सकता है तो बाड़मेर भी बदल सकता हैं। उन्होंने कहा गारंटी देता हूं कि यह भी मैं करके रहूंगा। उन्होंने कहा कि बाड़मेर हवाई अड्डे में भी जमकर रोड़े अटकाये गये, यहां हवाई अड्डा दो साल पहले ही चालू हो जाता। उन्होंने कहा कांग्रेस ने जिस जनता को दशकों तक नहीं पूछा, उन्हें मोदी पूजता हैं और मोदी हमेशा सुख दुख में आपके साथ है क्योंकि आपके सपने ही मेरा संकल्प हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी जनसभा को संबोधित किया।



## मोदी के दौसा में रोड़ शो में उमड़ा जनसैलाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान शुक्रवार को राजस्थान के दौसा में रोड़ शो किया जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोदी ने दौसा से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में यह रोड़ शो किया। मोदी ने इससे पहले बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के बाद दौसा पहुंचे जहां उनका नगाड़ों की धुन से स्वागत किया गया। मोदी के रोड़ शो में उनके साथ राज्य के कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा और दौसा से पार्टी प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा खुली गाड़ी में सवार थे। इस दौरान मोदी के रोड़ शो में आये लोगों ने मोदी मोदी के जयकारे लगाये और मोदी का स्वागत किया। मोदी ने हाथ हिलाकर एवं हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। सड़क के दोनों और अवरोधक लगाये गये और दोनों और लोगों की भीड़ जमा थी और मोदी की गाड़ी के पीछे भी जनसैलाब देखा जा रहा था। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह दिख रहा था और मोदी ने कमल का निशान दिखाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। रोड़ शो में आये कई लोगों ने मोदी का मुखौटा पहन रखा था वहीं कई लोग मोदी की फोटो लहरा रहे थे। मोदी ने गांधी तिराहा, दौसा कलेक्ट्रेट, सर्किट हाउस, लालसोट रोड़ होते हुए गुप्तेश्वर चौराहा तक रोड़ किया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब तक 1185 से अधिक अवैध हथियार जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अब तक 1185 अवैध हथियार जब्त किए हैं तथा 1.55 लाख से अधिक लाइसेंसी हथियार जमा किए गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 का कार्यक्रम घोषित होने के बाद गत 16 मार्च से प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के साथ ही राजस्थान पुलिस अवैध हथियारों तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियारों को जमा करने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद करने की कार्यवाही कर रही है और इसी के तहत यह हथियार जब्त किए गए हैं और लाइसेंसी हथियार जमा किए गए हैं।

गुप्ता ने बताया कि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में अब तक 1185 अवैध हथियारों के साथ ही 2303 कारतूस, 4129 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और सात आईईडी (बम) जब्त किए गए हैं। एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर छापे की कार्रवाई भी की गई है। साथ ही प्रदेश भर में एक लाख 62 हजार 777 लाइसेंसशुदा हथियारों में से एक लाख 55 हजार 373 हथियार विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाए गए हैं। 1692 हथियार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा 51 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस ने प्रदेश में 51 हजार 362 लोगों को अपराध प्रक्रिया संहिता की धाराओं 107, 108, 110 एवं 151 आदि के तहत पाबंद किया है। इसी प्रकार एक लाख 18 हजार 688 लोगों को संहिता की उक्त धाराओं के साथ ही 109 और 116(3) धाराओं के तहत पाबंद किया है। इस अवधि में 16 लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) सहित अन्य धाराओं में प्रतिबंधित किया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस ने विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में 1400 बस्तियों को संवेदनशील आबादी और 4322 व्यक्तियों को गड़बड़ी फैलाने वाले संदिग्ध लोगों के रूप में चिह्नित किया है। साथ ही प्रदेश में 299 अन्त:राज्य और 225 अंतर्राज्यीय पुलिस नाके लगाए गए हैं. स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन तथा धन-बल रहित चुनाव के लिए राजस्थान में कुल 3819 सतर्कता दल भी सक्रिय हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित चुनाव कराने के लिए प्रदेश भर में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और चुनाव से जुड़ी गतिविधियां शांतिपूर्वक चल रही हैं और अब तक एक भी हिंसक घटना सामने नहीं आई है।



## मुख्यमंत्री शर्मा सेंट्रल पार्क में सैर पर निकले, लोगों से मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार सुबह जयपुर के सेंट्रल पार्क में सैर के लिए निकले और वहां घूम रहे स्थानीय लोगों से मिले। शर्मा ने भाजपा के प्रदेश महासचिव श्रवण सिंह बागड़ी, अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां घूमने आए लोगों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं पर चर्चा की तथा सरकारी योजनाओं और कार्यों पर उनकी प्रतिक्रिया ली।


मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं का समाधान किया जाएगा। पार्क की यात्रा के बाद, उन्होंने मंदिर में दर्शन भी किए।

अपील



राजसमंद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र की नाथद्वारा विधानसभा के गांव पीपली डोडियान व ओड़ा में चुनावी जनसम्पर्क सभा को संबोधित कर जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

अपील



परबतसर विधानसभा की ग्राम पंचायत गिंगोली में आयोजित चुनावी जनसंपर्क सभा को संबोधित कर मत व समर्थन की अपील करती भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा।

## राहुल-प्रियंका की उदयपुर में सभा की तैयारी, इससे पहले पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी करेंगे जनसभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में दूसरे चरण वाले क्षेत्रों में अब भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के आने का क्रम शुरू होगा। उदयपुर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में मतदान होगा। कांग्रेस उदयपुर में पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल और प्रियंका गांधी की सभा कराने की तैयारी में जुटी है। संभावना जताई जा रही है कि 20 अप्रेल के बाद दोनों नेता उदयपुर में कांग्रेस की बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उदयपुर आएंगे तथा राहुल और प्रियंका गांधी की सभा को लेकर कार्यक्रम निर्धारित करेंगे। बताया गया कि उदयपुर में जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सभा कराने की तैयारी में जुटी है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी यहां चुनाव प्रचार के लिए आएंगे। चर्चा है कि गहलोत की सभा शहर के आरके सर्कल से भुवाणा के आसपास इलाके में कराई जा सकती है।

जिसको लेकर सोच है कि इस सभा में उदयपुर शहर ही नहीं, बल्कि उदयपुर ग्रामीण, मावली, गोगुंदा तथा आसपास क्षेत्र के लोग भाग ले पाएंगे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा के पक्ष में शहर के टाउन हॉल में सभा ले चुके हैं।



## पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाड़मेर। राजस्थान में कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। शुक्रवार को कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह के बेटे कर्नल (सेवानिवृत्त) मानवेंद्र सिंह छह साल के अंतराल के बाद फिर से बीजेपी में शामिल हो गए। बता दें कि, शुक्रवार को बाड़मेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मानवेंद्र सिंह दोबारा भाजपा में शामिल हो गए।

मानवेंद्र सिंह अपना पहला चुनाव 1999 में भाजपा के टिकट पर लड़े, लेकिन वह कांग्रेस नेता कर्नल (सेवानिवृत्त) सोनाराम चौधरी से हार गए। 2004 में पासा पलटा और मानवेंद्र सिंह ने बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता। 2013 में, उन्होंने विधानसभा चुनाव जीता और शेओ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बने। 2014 में, भाजपा ने जसवंत सिंह को टिकट देने से इनकार कर दिया। इस पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और हार गए। इसके बाद, मानवेंद्र सिंह ने विद्रोह कर दिया। इसके कारण उन्हें भाजपा से निलंबित कर दिया गया। बाद में वह 2018 में कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने 2018 में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## अजमेर में बहुमंजिला भवन में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अजमेर जिले में क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के हौजरी बाजार में एक बहुमंजिला भवन के तलघर के एसी के गोदाम में आग लग गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आग बाजार के एक तीन मंजिला भवन के भूमि तल स्थित एसी में गैस भरने वाले गोदाम में लगी थी जिस पर 50 दमकलों की मदद से काबू पाने का प्रयास जारी है। पुरोहित ने बताया कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आग संभवत: एसी में गैस भरने वाले गोदाम में रातभर एसी के चालू रह जाने के कारण किसी तकनीकी खराबी के चलते लगी है। उनका कहना है कि कारणों का स्पष्ट खुलासा आग पर पूरी तरह काबू पाने का बाद हो सकेगा।

## प्रदेश में 15 तक आंधी बारिश की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीगंगानगर। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के विशेष संदेश के अनुसार राज्य में 13 से 15 अप्रैल के दौरान तीव्र मेघगर्जन, आंधी बारिश, ओलावृष्टि, गरज-चमक, तेज हवाएं, मेघगर्जन बिजली, तीव्र धूलभरी आंधी चलने की प्रबल संभावनाएं हैं।

इन सबके मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से किसानों के लिए खेतों और धान मंडियों में अपनी फसलों के सुरक्षित भंडारण के लिए सलाह जारी की गई है। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने बताया कि एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी, कृषि विभाग और कृषि उपज मंडी समिति सचिवों के माध्यम से किसानों को आगामी मौसम के मद्देनजर अपनी फसलों का सुरक्षित भंडारण करने की अपील जारी की गई है। उन्होंने बताया कि समस्त एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे पटवारी और एलआर के माध्यम से किसानों को आगामी दिनों में अपनी फसलों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था करने के लिए सावचेत करें।

इसी तरह कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक और कृषि उपज मंडी समिति के सचिवों को भी किसानों को इस बारे में जानकारी देते हुए अपनी फसलों के सुरक्षित भंडारण के लिए उचित प्रबंध करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि किसान खेतों व धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज व जिंसों का सुरक्षित स्थान पर भंडारण करें ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके। किसान भाई खुले आसमान में पक कर तैयार फसलों को भी ढक कर रखें अथवा उनका सुरक्षित स्थान पर भंडारण करें।

# माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपनी सरकार में माफिया एवं अपराधियों पर की गई सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए मतदाताओं से अपील की 'माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है।

योगी ने सहारनपुर के देवबंद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राघव लखनपाल और कैराना के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।



अपराधियों पर निशाना साधते हुए योगी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया, इनके (माफिया) सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और समाजवादी पार्टी (सपा) दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही राम नाम सत्य की यात्रा पर निकल गए हैं। उन्होंने कहा, यहां बड़े बड़े धुरंधर हुआ करते थे और जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है, ये रक्तबीज हैं, ये सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं।

योगी ने दावा किया, मुख्यमंत्री के रूप में मैं सात साल में जितनी बार सहारनपुर आया हूं, उतना कोई मुख्यमंत्री 60 साल में भी नहीं आया होगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर को पश्चिम का काशी बनना था मगर पिछली सरकारों ने यहां देवबंद को मजहबी जुनून का अखाड़ा बनाकर रख दिया।

इस्लामिक शिक्षा के प्रमुख केन्द्र देवबंद में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यहां फतवों के जरिए अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का काम किया जाता था तथा छोटी-छोटी सी बात को लेकर फतवा जारी होता था।

उन्होंने स्पष्ट किया, वैक्सीन कैसे दी जाए-- इसे लेकर फतवा जारी होता था। यहां से अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का प्रयास किया जाता था। विकास की कोई चर्चा नहीं करता था।





# राहुल गांधी अब वायनाड को अपना परिवार बता रहे हैं : स्मृति ईरानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी से सांसद रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि सभी ने नाम बदलते, गांव बदलते सुना है, लेकिन परिवार बदलते किसी ने नहीं सुना। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड में कहा कि वायनाड उनका परिवार है और वहां के लोग वफादार हैं।

ईरानी ने कहा, इसका मतलब यह हुआ कि 15 साल तक जहां के वह (राहुल) सांसद रहे उस अमेठी के लोग वफादार नहीं हैं। वह वायनाड में जाकर अमेठी को गालियां देते हैं। ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए इस बार अमेठी का मतदाता तैयार है।

यहां अपने आवास पर यादव बिरादरी के लोगों से मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांधी खानदान खासकर राहुल गांधी चाहते थे कि अमेठी में लोग गरीब बने रहें, इसीलिए जब कोई गरीब का बेटा भारत का प्रधान सेवक बनता है उसे ये पचा नहीं पाते।

उन्होंने कहा कि गरीबी झेलकर अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के बल पर आप सभी के आशीर्वाद से देश के प्रधान सेवक बने नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस या गांधी खानदान पचा नहीं पा रहा है।

ईरानी ने कहा, राहुल गांधी के 15 साल बनाम मेरे पांच साल को देखा जाए तो दिखाई पड़ता है कि गांधी खानदान ने किस तरीके से अमेठी की उपेक्षा की। अमेठी में उन्होंने जो 50 साल में नहीं किया, राहुल गांधी ने जो 15 साल में नहीं किया उसे डबल इंजन की सरकार ने पांच साल में करके दिखाया है। उन्होंने कहा, आप सभी ने कभी अमेठी में ऐसा सांसद नहीं देखा होगा जो गांव में खड़े होकर नालियों की साफ सफाई कराए। लेकिन आप सब ने मुझे बहन माना तो मैंने बहन का फर्ज निभाया।

ईरानी ने कहा कि जब राहुल गांधी को छींक आती थी तो वह इलाज के लिए विदेश भाग कर जाते थे, लेकिन अमेठी के लोगों के लिए एक मेडिकल कॉलेज नहीं बनवाया और अमेठी में मेडिकल कॉलेज तब बना जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी।



## किसानों को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त कराना सर्वोच्च प्राथमिकता: उपेन्द्र कुशवाहा

**पटना/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और काराकाट लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा ने बिहार के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने और बिचौलियों के कारण उनके असुरक्षित होने पर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख कुशवाहा ने कहा कि पूरे बिहार और विशेष रूप से उनके निर्वाचन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है तथा धान, गेहूं और मक्का मुख्य फसलें हैं। उनका कहना था कि उनके निर्वाचन क्षेत्र को बिहार का धान का कटोरा कहा जाता है। उन्होंने एक साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों की उपज के लिए बेहतर कीमत सुनिश्चित करना और उन्हें बिचौलियों के चंगुल से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राजग सरकार ने बिचौलियों को खत्म करने और किसानों की उपज के लिए बेहतर कीमतों की गारंटी प्रदान करने तथा उन्हें आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए कदम उठाए हैं।

कुशवाहा ने कहा कि राजग सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा की शत प्रतिशत गारंटी देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के गांवों और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुशवाहा ने कहा, किसी भी कीमत पर किसानों के अधिकारों की रक्षा करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं अपने क्षेत्र के किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत करा रहा हूं। कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार में अन्य पिछड़ी जाति, कुशवाहा या कोइरी समुदाय के अपना जनाधार होने का दावा करती रही है। वर्ष 2013 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी बनाने वाले कुशवाहा ने 2014 का लोकसभा चुनाव राजग के घटक दल के तौर पर लडा था और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र में बनी पहली सरकार में वह मंत्री बने थे। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में विलय कर लिया था। हालांकि, फरवरी 2023 में कुशवाहा ने जदयू के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रीय लोक मोर्चा नामक अपनी पार्टी बनाई। अब उनकी पार्टी फिर से बिहार में राजग का हिस्सा है और काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। देश में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं होने का दावा करते हुए कुशवाहा ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग देश में 400 से अधिक लोकसभा सीट और बिहार की सभी 40 संसदीय सीट जीतेगा।

## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची जा रही है : आतिशी



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा।

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि ''राष्ट्रपति शासन का डर'' आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है।

## निर्वाचन आयोग से सभी दलों को ममता बनर्जी ने समान अवसर मुहैया करने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कूच बिहार/अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से सभी दलों को समान अवसर मुहैया करने की अपील की।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक फायदों के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। कूच बिहार और अलीपुरद्वार में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग हालिया तूफान में जलपाईगुड़ी में नष्ट हुए मकानों को पुनर्निमित करने की अनुमति नहीं दे रहा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा, भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। वे लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के राजनीतिक एजेंडा को पूरा करने के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई और आयकर विभाग का इस्तेमाल कर रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां और बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) और सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) जैसे अर्द्धसैनिक बल भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

तूफान प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास पैकेज मुहैया करने के राज्य प्रशासन के फैसले के बारे में बनर्जी ने कहा, राज्य प्रशासन पहले लागू किए गए एक कानून के जरिये आपदा प्रबंधन के तहत लोगों को मकान निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कुल 1.20 लाख रुपए मुहैया करेगा। उन्होंने कहा, प्रभावित लोगों को 20,000 रुपए दिए जा चुके हैं। अगले कुछ दिनों में हम 40,000 रुपए मुहैया करेंगे और फिर शेष 60,000 रुपए अगले कुछ हफ्तों में देंगे। अब यदि किसी को लगता है कि मैंने कोई गलती की है तो वे उस कानून को देख सकते हैं जिसे पिछले साल राज्य विधानसभा ने पारित किया था।



## निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरी कॉम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से फारिग करने के लिए कहा है।

विश्व चैम्पियन मुक्केबाज मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा, देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।

उन्होंने कहा, इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिए हमेशा रहूंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था।

## बिहार को केंद्र से बहुत अधिक सहयोग मिल रहा : नीतीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नवादा(बिहार)/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से बहुत अधिक सहयोग मिल रहा है।

जनता दल प्रमुख (जदयू) प्रमुख कुमार ने नवादा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं लंबे समय से भाजपा के साथ हूं। हमने 2005 में बिहार में एकसाथ मिलकर सरकार बनाई थी। हो सकता है कि मैं एक-दो बार इधर-उधर गया हूं। लेकिन अब मैं हमेशा के लिए लौट आया हूं।

मुख्यमंत्री पटना से 'निश्चय रथ' नामक एक बस पर सवार होकर नवादा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे थे। इस बस पर जदयू के नारे और चुनाव चिन्ह चित्रित किए गए थे।

'निश्चय रथ' नाम उन 'सात निश्चय' को दर्शाने का प्रयास है जो विधानसभा चुनाव के दौरान नीतीश के घोषणापत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा, हमारे सत्ता संभालने से पहले बिहार में क्या था? बुनियादी ढांचा अस्त-व्यस्त था। सत्ता संभालने के बाद चीजें बेहतर होने लगीं। अब हमें केंद्र सरकार का बहुत अधिक सहयोग मिल रहा है। इसलिए मैं आप सभी से राजग के लिए वोट करने का आग्रह कर रहा हूं।

हमेशा खुद को एक 'धर्मनिरपेक्ष' नेता के रूप में पेश करने वाले कुमार ने कहा, जब तक हम सत्ता में नहीं आए और चीजों को व्यवस्थित नहीं किया, तब तक बिहार में बहुत सारे हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए मेरे कार्यकाल में बहुत कुछ किया गया। मुझे उम्मीद है कि मेरे कार्यकाल के दौरान किया गया यह सबकुछ सिर्फ इसलिए नहीं भुला दिया जाएगा कि मैं फिर से भाजपा के साथ हूं।

जदयू अध्यक्ष ने वर्ष 2015 में और फिर 2022 में कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ अल्पकालिक गठबंधन किया। नीतीश ने प्रसाद या राबड़ी देवी का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने पहले खुद राज्य पर शासन किया और जब सत्ता बरकरार रखने में असमर्थ हो गए तो उन्होंने अपनी पत्नी को बागडोर सौंप दी।

प्रसाद पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए जदयू प्रमुख ने कहा कि कोई भी उनके परिवार के करीबी सदस्यों के नाम तक नहीं जानता। जदयू प्रमुख ने राजद अध्यक्ष के बेटों पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव और उनकी बेटियों (मीसा भारती और रोहिणी आचार्य, जो क्रमशः पाटलिपुत्र और सारण से राजद उम्मीदवार हैं) की ओर इशारा करते हुए कहा, जरा देखें कि परिवार के कितने सदस्यों ने सत्ता का आनंद लिया है और कितनों को टिकट मिला है।

राजद प्रमुख और उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की ओर इशारा करते हुए कुमार ने कहा, वे सत्ता और संपत्ति का आनंद लेना चाहते हैं। दूसरी ओर, कोई भी मुझ पर मुख्यमंत्री के रूप में अपने 18 वर्षों में गलत तरीके से एक पैसा कमाने का आरोप नहीं लगा सकता है।



# कांग्रेस ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को अवैध संतान की तरह पाले रखा : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुरादाबाद (उप्र)/भाषा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर मुद्दे से निपटने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि इस पार्टी ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को एक अवैध संतान की तरह पाले रखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे खत्म कर हमेशा के लिए कश्मीर को भारत के साथ जोड़ दिया।

शाह ने यहां एक चुनावी सभा में कहा, आप हमें बताएं कि क्या कश्मीर हमारा नहीं है। कांग्रेस के खरगे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लोगों का कश्मीर से क्या लेना है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मुरादाबाद का हर बच्चा कश्मीर के लिए अपना जीवन देने को तैयार है।

खरगे ने हाल में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अन्य राज्यों में रैलियों को संबोधित करते समय कश्मीर के बारे में नहीं बोलना चाहिए।

शाह ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को मिले विशेष दर्जे के संदर्भ में कहा, सत्तर सालों से कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को एक अवैध संतान की तरह अपनी गोद में पाला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ एक कर दिया गया है।

शाह ने कहा, आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 खत्म कर दिया। आज हमारा तिरंगा गर्व के साथ वहां लहरा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ एक कर दिया गया है। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने कहा, दस वर्ष के कार्यकाल में मोदी जी ने आतंकवाद और नक्सलवाद का इस देश से खात्मा किया। आपको याद होगा कि जब कांग्रेस 10 वर्ष तक सत्ता में थी, हर दिन पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमालिया आता था और यहां बम विस्फोट कर वापस चला जाता। तब किसी के कान पर जूं नहीं रेंगती थी। फिर मोदी जी सत्ता में आए और इन लोगों ने फिर गलती की और उरी एवं पुलवामा में विस्फोट किया, लेकिन वे भूल गए थे कि यहां मनमोहन सिंह की सरकार नहीं है। उन्होंने कहा, यहां नरेन्द्र मोदी की सरकार है तथा 10 दिनों में सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले किए गए। पाकिस्तान में उनके घर में घुसकर आतंकवादियों का खात्मा करने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया।

मोदी जी ने इस देश को सुरक्षित किया और इसे समृद्ध किया। उन्होंने यह भी कहा, मोदी जी ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए भी काम किया। उन्होंने पूरे देश को चार जातियों- महिला, गरीब, युवा और किसान में बांटा है। इस आधार पर पूरे देश में हर किसी का विकास करने के लिए काम किया गया है।

शाह ने कहा, इन 10 वर्षों में मोदी जी ने इस देश की अर्थव्यवस्था 11वें पायदान से उठाकर पांचवे पायदान पर पहुंचा दी। यदि आप तीसरी बार मोदी की सरकार बना दें तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी मोदी जी देते हैं।

## विनेश ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ओलंपिक जाने से रोकने का आरोप लगाया, महासंघ ने नकारा



**नई दिल्ली/भाषा।** पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है।

पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी।

## बंगाल पीडीएस 'घोटाला': पूर्व मंत्री ज्योति प्रिय मल्लिक, दो अन्य से जुड़ी संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीडीएस राशन 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और दो अन्य से जुड़ी 150 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। ये दो अन्य आरोपी मल्लिक के कथित सहयोगी- बकीबुर रहमान और तृणमूल नेता शंकर आध्या हैं। इस मामले में संघीय जांच एजेंसी ने तीनों को गिरफ्तार किया है।

ईडी ने एक बयान में कहा है कि कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं की 48 अचल संपत्तियां शामिल हैं। इनमें बोलपुर के साल्ट लेक स्थित मल्लिक का घर, उनके करीबी सहयोगियों के नाम पर कई अन्य 'बेनामी संपत्तियां, कोलकाता और बेंगलूरु में रहमान के दो-दो होटल, विभिन्न बैंकों में जमा राशि सावधि जमा शामिल हैं।

यह भी पाया गया है कि मल्लिक ने कथित तौर पर करोड़ों रुपए से अधिक की इन अचल संपत्तियों में से कुछ को अपने परिवार के सदस्यों या करीबी सहयोगियों के नाम पर 'उपहार' के रूप में 'प्राप्त' किया था।

# संन्यास के बारे में सोचा नहीं, 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहता हूं : रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कुछ साल और खेलना चाहते हैं और 2027 वनडे विश्व कप जीतने की दिली ख्वाहिश है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम जीत के अश्वमेधी अभियान पर सवार होकर 2023 विश्व कप फाइनल तक पहुंची लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई।

36 वर्ष के रोहित 2007 टी20 विश्व कप टीम जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन वह वनडे विश्व कप को इससे ऊपर रखते हैं। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप 2023 फाइनल में मिली हार से वह काफी व्यथित थे। उन्होंने यूट्यूब पर 'ब्रेकफास्ट विद चैम्पियंस ' शो में कहा,



मैने संन्यास के बार में अभी सोचा नहीं है। लेकिन पता नहीं जिंदगी कहां ले जाए। मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और कुछ साल और खेलना चाहता हूं। मैं विश्व कप जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 50 ओवरों का विश्व कप ही असली विश्व कप है। हम इसे देखकर ही बड़े हुए हैं। लॉडर्स पर 2025 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होना है। उम्मीद है कि हम उसमें खेलेंगे। विश्व कप फाइनल में मिली हार को छह महीने बीत चुके हैं लेकिन रोहित को अभी तक वह हार कचोटती है। उन्होंने कहा, विश्व कप भारत में हो रहा था। हमने फाइनल तक अच्छा खेला। सेमीफाइनल जीतने के बाद लगा कि एक कदम की दूरी पर ही है। मैने सोचा कि ऐसी कौन सी एक बात है जिसकी वजह से हम फाइनल हार सकते हैं और मेरे दिमाग में कुछ नहीं आया। उन्होंने कहा, हमारे अभियान में एक खराब दिन आना था और वही दिन था। हमने अच्छा क्रिकेट खेला, आत्मविश्वास भी था। लेकिन एक खराब दिन हमारा था और ऑस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था। हमने फाइनल में खराब क्रिकेट नहीं खेली। आईपीएल में 2008 से लेकर अब तक सारे सत्र खेलने वाले रोहित ने कहा कि लीग में कोई भी टीम अब कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा, आईपीएल पिछले एक दशक में इतना बड़ा हो गया है कि हर टीम काफी प्रतिस्पर्धी है। अब कोई कमजोर टीम नहीं है। यह ईपीएल प्रथम श्रेणी जैसा है जिसमें कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है।

## सुविचार

कल न हम होंगे न कोई गिला होगा, सिर्फ सिमटी हुई यादों का सिलसिला होगा, जो लम्हे हैं चलो हँसकर बिता लें, जाने कल ज़िन्दगी का क्या फैसला होगा।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ज़िंदगी से खिलवाड़

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस हादसे में छह बच्चों की मौत होना अत्यंत दु:खद है। यह हादसा अपने पीछे कई सवाल छोड़ गया, साथ ही उन बच्चों के परिवारों के लिए ज़िंदगीभर का दर्द भी। बच्चों का अपनी आंखों के सामने यूं चले जाना ऐसी वेदना देता है, जिसे माता-पिता कभी भुला नहीं सकते। अगर उस स्कूल ने थोड़ी सावधानी बरती होती और स्थानीय प्रशासन चौकस रहता तो इस हादसे को टाला जा सकता था। इस मामले में प्रधानाध्यापक और बस चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इतनी कार्रवाई से ही 'संतुष्ट' नहीं होना चाहिए। अब कोशिश यह हो कि भविष्य में किसी स्कूल बस के साथ ऐसा हादसा न हो। स्कूल बस ही क्यों, किसी भी वाहन के साथ होने वाले हादसे को टालने की कोशिश होनी चाहिए। उक्त मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई, उसमें बस चालक को 'नशे' में बताया गया है। अगर ऐसा है तो घोर लापरवाही है। बच्चों की ज़िंदगी से खिलवाड़ है। क्या उस चालक को मालूम नहीं था कि उसकी इस हरकत से कितने बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती है? सच कहा गया है कि नशा नाश की जड़ है। भारत में हर साल बड़ी तादाद में हादसे होते हैं, जिनमें बहुत लोग जान गंवाते हैं। ऐसे हादसों के पीछे प्रमुख कारणों में से नशाखोरी और लापरवाही से वाहन चलाना जैसे कारण भी हैं। यातायात पुलिस को चाहिए कि वह ऐसे चालकों का पता लगाए, जो नशीले पदार्थों का सेवन करने के बाद वाहन चलाते हैं। उसके पास उपकरण भी हैं, लेकिन एक कड़वी हकीकत है कि यातायात पुलिस के कुछ कर्मियों की भूमिका पर सवालिया निशान लगते रहते हैं।

**आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे वाहन चलते हैं, जिनसे कॉलेज विद्यार्थी बहुत जोखिम भरा सफर करते हैं। इन वाहनों के अंदर और ऊपर सवारियां बैठी रहती हैं। पीछे भी लोग लटके रहते हैं।**

स्कूली वाहनों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दे पहले भी चर्चा में रहे हैं, लेकिन उन पर ठोस काम नहीं हुआ। प्राय: हर शहर में सुबह ऐसे वाहन दिख जाते हैं, जिनमें क्षमता से ज्यादा स्कूली बच्चों को बैठा लिया जाता है। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो वायरल होते रहते हैं, जिन्हें देखकर यह कहना ज्यादा मुनासिब होगा कि उन वाहनों में स्कूली बच्चों को 'बैठाया' नहीं, बल्कि 'भरा' जाता है। अगर ऐसे वाहनों की ठीक तरह से जांच की जाए तो पचासों खामियां और मिल जाएंगी। गर्मियों के मौसम में तो हालात बहुत मुश्किल हो जाते हैं। बस्ते का बोझ, बेहतर प्रदर्शन का दबाव, माता-पिता और परिजन के अरमान, उस पर ऐसे वाहन ... बच्चा करे तो क्या करे? अगर इन सब से पार पा ले और वाहन चालक नशे में या लापरवाही से गाड़ी चलाए तो? प्राय: स्कूली बच्चों के वाहनों के बारे में तो चर्चा होती है। प्रशासन भी ऐसे मामलों को कुछ गंभीरता से ले लेता है। वहीं, कॉलेज विद्यार्थियों को होने वाली दिक्कतों की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। खासकर वे, जो सार्वजनिक बसों से आवागमन करते हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे वाहन चलते हैं, जिनसे कॉलेज विद्यार्थी बहुत जोखिम भरा सफर करते हैं। इन वाहनों के अंदर और ऊपर सवारियां बैठी रहती हैं। पीछे भी लोग लटके रहते हैं। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। जब हादसा हो जाता है तो प्रशासन एक बार कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति दिखाता है। वाहनों के कागजात देखे जाते हैं। निर्धारित क्षमता से ज्यादा सवारियां बैठाने, तेज गति से वाहन चलाने जैसे मामलों में जुर्माने लगा दिए जाते हैं। कुछ दिन बाद वही 'ढाक के तीन पात'! अब प्रशासन दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाए। वाहनों की नियमित रूप से जांच की जाए। लोगों को जागरूक किया जाए। नशा करके और लापरवाही से वाहन चलाने जैसे मामलों में कोई नरमी न बरती जाए।

## ट्वीटर टॉक



कांग्रेस ने जिन लोगों को दशकों तक नहीं पूछा, मोदी उनको पूजता है। हमारे आदिवासी समाज के बच्चे आगे बढ़ें, इसके लिए हम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोल रहे हैं। आदिवासी समाज को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति दिलाने के लिए हम अभियान चला रहे हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज दुनिया में अमेरिका जैसे देश की भी आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही है। आज सारे यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया की भी आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही है। लेकिन खचऋको सबसे सुनहरा भविष्य भारत का दिख रहा है। आज भारत 11वें से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है।

**-सीपी जोशी**



आज उदयपुरवाटी एक नए सूर्य के उदय, एक नई रोशनी की आभा और नई उम्मीद के उजाले से चमकता दिखा। यह सिर्फ क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी श्री बृजेन्द्र ओला की समर्थन सभा नहीं बल्कि इतिहास में परिवर्तन सभा के रूप में याद की जाएगी।

**-अशोक गहलोत**

## प्रेरक प्रसंग

# संतोष से सुख

महान दार्शनिक लाओत्से तुंग के अनुयायियों की संख्या बढ़ती ही जा रही थी। लाओत्से तुंग के सामने लोग जीवन के किसी भी सवाल को लेकर जाते उनको सही और सटीक उत्तर ही नहीं समाधान भी मिलता था। एक बार लाओत्से तुंग के अनुयायियों के बीच सुख-दुख की परिभाषा को लेकर बहस छिड़ गई। लाओत्से तुंग उनको लेकर नगर की तरफ चले। राह में एक बालक गली के कुछ आवारा बेसहारा जानवरों को बांसुरी बजाकर सुना रहा था और नाच रहा था। उसकी घनघोर गरीबी भी उस बालक के चेहरे का गुलाबीपन मिटा न सकी। आगे चले तो एक सोना-चांदी, तांबा बेचने वाला बेहद परेशान तथा उदास मिला और लाओत्से तुंग से बोला, 'काश! मैं हीरे का व्यापारी होता।' लाओत्से तुंग आगे जाकर अपने अनुयायियों को बताने लगे। 'देखो, अब यह साबित हो गया है कि सुख का अर्थ है जो है, उसका आनंद लेना और दु:ख का अर्थ है जो नहीं है, मुझे तो बस वही चाहिए।

## सामयिक

# महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.अंबेडकर

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनायें।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव अंबेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग अंबेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.अंबेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो अंबेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। अंबेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण अंबेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव अंबेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डा.भीमराव अंबेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है



उसे नकारा नहीं जा सकता है। अंबेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरुआत ही शिक्षित करो' से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.अंबेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.अंबेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। अंबेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे।

बाबा साहेब अंबेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर अंबेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

डा. अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान अंबेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को अंबेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे।

अंबेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में अंबेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। अंबेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। हर वर्ष 14 अप्रैल व 6 दिसम्बर को मुम्बई स्थित उनके स्मारक पर हर साल काफी लोग उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं। बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना हैं।

## विशेष

# खुशियां मनाओ कि आई बैसाखी

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

कृषि प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर से पंजाब का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाईयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढ़ोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरूद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार



विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरूआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है।

13 अप्रैल 1919 का बैसाखी का दिन आज भी चीख-चीखकर अंग्रेजों के जुल्मों की दास्तान बखान करता है। दरअसल रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आव्हान पर इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे क्योंकि 'रोलट एक्ट' कानून के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। महात्मा गांधी के आव्हान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे। हालांकि बाद में उस नृशंस हत्याकांड के सूत्रधार जनरल डायर की हत्या कर उसका बदला ले लिया गया था।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

## नजरिया

# एक अकेला सब पर भारी

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 94144 41218

देश में लोकसभा चुनाव 2024 इस समय पूरी ताकत से हिलोरे मार रहा है। चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए की कमान संभाल रखी है। चुनाव की विधिवत घोषणा से पूर्व ही उन्होंने देशभर का दौरा शुरू कर दिया था। वे देश के विभिन्न भागों में एक दिन में तीन से चार रैलियां और रोड शो में शामिल हो रहे है। उनका चुनावी जज्बा एक नौजवान की तरह कायम है। 74 साल की उम्र में भी मोदी थके से नहीं लग रहे है और सम्पूर्ण ऊर्जा और उत्साह के साथ लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे है। आज यह कहने में किसी को कोई गुरेज नहीं है कि अकेला मोदी सब पर भारी साबित हो रहा है। राजनीतिक समीक्षकों का कहना है मोदी ने अपनी ही पार्टी के सर्वाधिक मजबूत और कद्दावर नेता वाजपेयी और आडवाणी को लोकप्रियता के पैमाने पर पीछे छोड़ दिया है। मोदी की जनता से संवाद शक्ति बेमिसाल है। 2014 में भाजपा को देश की सत्ता शक्ति के शिखर पर पहुंचाने के बाद मोदी का जादू अनवरत रूप से लोगों के सिर चढकर बोल रहा है और लोकप्रियता में पक्ष या विपक्ष का कोई भी नेता उनके आसपास भी नहीं है। मोदी ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर विपक्ष को कटघरे में खड़ा कर दिया है। भारतीय राजनीति के लिहाज से 2024 का लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इस चुनाव पर दुनियाभर की निगाहें टिकी है। देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी देखने को मिल रही है। पक्ष और विपक्ष में घमासान छिड़ गया है। आरोपों की नई नई बानगी देखने को मिल रही है। गांव गुवाड़ और चौक चौराहों पर लोग मोदी के 400 पार के नारे की चरचा करते मिल जायेंगे। मोदी को तानाशाह कहने के कांग्रेसी नेताओं के आरोप लोगों के गले नहीं उतर रहे है। इसलिए यह कहा जा रहा है वर्तमान चुनाव में अकेला मोदी सब पर भारी भारी हो रहा है।

जून 2013 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की और से मोदी को प्रधानमंत्री उम्मेदवार घोषित किया गया। जहा कई लोगो ने पहले से ही उन्हें भारत का प्रधानमंत्री मान लिया था। वहीं कई लोगो का मानना था की मोदी में भारत की आर्थिक स्थिति बदलने का और भारत का विकास करने की ताकत है और अंत में मई 2014 में उन्होंने और उनकी बीजेपी को लोकसभा चुनाव में 534 में से 282 सीट प्राप्त कर एतिहासिक जीत दिलवाई। नरेंद्र मोदी ने 2014 में और फिर 2019 में भारतीय जनता पार्टी की प्रभावशाली जीत का नेतृत्व किया। मोदी के बारे में एक दिलचस्प तथ्य यह है कि वह पहली बार विधायक के रूप में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। इसी तरह वह पहली बार सांसद के रूप में सीधे भारत के प्रधानमंत्री बने। मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक 24 साल का बेमिसाल सफर पूरा करने वाली यह शख्सियत नरेन्द्र दामोदर दास मोदी आज ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी पहचान कायम करने में सफल हुए है। मोदी ने कश्मीर में एक ध्वज, एक निशान और एक संविधान का जनसंघ के पितृ पुरुष का सपना साकार किया। मोदी ने अनेक ऐतिहासिक कार्यों को अंजाम देकर मोदी है तो मुमकिन है की अपनी छवि बनाई। मोदी संघ के एक विनम्र स्वयं सेवक की तरह देश की नब्ज को पहचानने में सफल हुए।

प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अनेक गरीब कल्याण और विकास की योजनाओं का संचालन किया जिनमें स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वाला योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, गरीब कल्याण योजना, गरीब कल्याण योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के अलावा नमामि गंगे, बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, सर्व शिक्षा अभियान, स्टैंड अप इंडिया आदि मुख्य है। कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने, अल्पसंख्यकों की कुप्रथा तीन तलाक का खात्मा, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक, गरीब सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान और नागरिकता संशोधन कानून का ऐतिहासिक फैसला मोदी सरकार की



विशेष उपलब्धि है। अनेक वैश्विक संस्थाओं ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को देश और दुनिया का शानदार नेता और काबिल प्रधानमंत्री घोषित कर उनके कार्यों की भूरी भूरी सराहना की। मोदी में गजब का आत्मविश्वास है। प्रखर और कुशल वक्ता के रूप में उनकी राष्ट्रीय पहचान है। लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में उन्होंने अपने नेता अटल बिहारी को भी पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के लगभग सभी नेताओं ने उनके करिश्माई नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है जिनमें वरिष्ठ नेता भी शामिल है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में 'बड़ी सकारात्मक प्रगति' हुई है : चीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग। चीन और भारत ने सीमा गतिरोध को हल करने के लिए 'बड़ी सकारात्मक प्रगति' की है और दोनों पक्षों के बीच गहन संवाद जारी है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान पर चीन की प्रतिक्रिया पर और विस्तार से आयी है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत के लिये चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर 'लंबे समय से चली आ रही स्थिति' का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। 'न्यूजवीक' पत्रिका के साथ साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री ने आशा जतायी थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से, दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में न्यूजवीक को दिए गए मोदी के साक्षात्कार पर एक सवाल के जवाब में कहा, सीमा मुद्दे के बारे में, मैं आपको बता सकती हूं कि चीन और भारत के बीच राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से गहन संवाद हुये हैं और बड़ी सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, हम यह भी मानते हैं कि चीन और भारत के बीच स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हितों की पूर्ति करते हैं। माओ ने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत मतभेदों को ठीक से संभालने और द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ एवं स्थिर मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए चीन के साथ इसी सकारात्मकता के साथ काम करेगा। पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। मोदी ने अपने साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चल रही स्थिति का तत्काल समाधान करने की आवश्यकता है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असामान्यता को पीछे छोड़ा जा सके। उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## चुनाव प्रचार



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर शुक्रवार को कुल्लू में लोकसभा चुनाव से पहले अभिनेता और भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के साथ चुनाव प्रचार कार्यक्रम के दौरान।

# इज़राइल पर गाजा में हजारों लोगों को निशाना बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेलबर्न। इजरायली सेना ने एक नई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली का उपयोग करके गाजा में संभावित हवाई हमलों के लिए हजारों मानव लक्ष्यों की सूची तैयार की। पिछले सप्ताह प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट गैर-लाभकारी आउटलेट +972 मैगज़ीन से आई है, जो इज़रायली और फ़लस्तीनी पत्रकारों द्वारा चलाया जाता है। रिपोर्ट में इज़रायली ख़ुफ़िया विभाग के छह अज्ञात स्रोतों के साक्षात्कार का हवाला दिया गया है। सूत्रों का दावा है कि सिस्टम, जिसे लैवेंडर के नाम से जाना जाता है, का उपयोग अन्य एआई सिस्टम के साथ संदिग्ध आतंकवादियों को लक्षित करने और उनकी हत्या करने के लिए किया गया था – जिनमें से कई अपने ही घरों में थे – जिससे बड़ी संख्या में नागरिक हताहत हुए।

गार्डियन की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, +972 रिपोर्ट के समान स्रोतों के आधार पर, एक खुफिया अधिकारी ने कहा कि सिस्टम ने बड़ी संख्या में हमलों को अंजाम देना आसान बना दिया, क्योंकि मशीन ने इसे ठंडे दिमाग से किया। जैसा कि दुनिया भर की सेनाएं एआई का उपयोग करने की होड़ में हैं, ये रिपोर्टें हमें दिखाती हैं कि यह कैसा दिख सकता है: सीमित सटीकता और कम मानवीय निरीक्षण के साथ मशीन-स्पीड युद्ध, जिसमें नागरिकों को भारी नुकसान होगा।

इज़रायली रक्षा बल इन रिपोर्टों में कई दावों का खंडन करता है। गार्जियन को दिए एक बयान में, उसने कहा कि वह आतंकवादी गुर्गों की पहचान करने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली का उपयोग नहीं करता है। इसमें कहा गया है कि लैवेंडर एक एआई सिस्टम नहीं है बल्कि सिर्फ एक डेटाबेस है जिसका उद्देश्य खुफिया स्रोतों को क्रॉस-रेफरेंस करना है। लेकिन 2021 में, येरूसलम पोस्ट ने एक खुफिया अधिकारी की रिपोर्ट में कहा कि इज़राइल ने अपना पहला एआई युद्ध जीता है। डेटा का निरीक्षण करने और लक्ष्य तैयार करने के लिए वह कई मशीन लर्निंग सिस्टम का उपयोग कर रहा है। उसी वर्ष द ह्यूमन-मशीन टीम नामक एक पुस्तक, जिसमें एआई-संचालित युद्ध के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया था, एक लेखक द्वारा छद्म नाम के तहत प्रकाशित की गई थी, जिसे हाल ही में एक प्रमुख इजरायली गुप्त खुफिया इकाई का प्रमुख बताया गया था। पिछले साल, एक अन्य +972 रिपोर्ट में कहा गया था कि इज़राइल संभावित आतंकवादी इमारतों और बमबारी सुविधाओं की पहचान करने के लिए हब्सोरा नामक एक एआई सिस्टम का भी उपयोग करता है। रिपोर्ट के अनुसार, हब्सोरा लगभग स्वचालित रूप से लक्ष्य उत्पन्न करता है, और एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने इसे सामूहिक हत्या का कारखाना बताया।

हालिया +972 रिपोर्ट में एक तीसरी प्रणाली का भी दावा किया गया है, जिसे व्हेयर इज डैडी? कहा जाता है, जो लैवेंडर द्वारा पहचाने गए लक्ष्यों की निगरानी करती है और जब वे अपने परिवार के पास घर लौटते हैं तो सेना को सचेत करती है। कई देश सैन्य बढ़त की तलाश में एल्गोरिदम की ओर रुख कर रहे हैं। अमेरिकी सेना का प्रोजेक्ट मावेन एआई लक्ष्यीकरण की आपूर्ति करता है जिसका उपयोग मध्य पूर्व और यूक्रेन में किया गया है। चीन भी डेटा का विश्लेषण करने, लक्ष्यों का चयन करने और निर्णय लेने में सहायता के लिए एआई सिस्टम विकसित करने की ओर अग्रसर है।

# समुद्री सुरक्षा के लिए परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं भारत-अमेरिका सेनाएं : ऑस्टिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर, दोनों देश व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अधिक स्थिर शक्ति संतुलन को बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने रक्षा विभाग के वार्षिक बजट पर इस सप्ताह कांग्रेस की सुनवाई के दौरान सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को यह भी बताया कि अमेरिका और भारत की सेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। ऑस्टिन ने कहा, भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर, हम व्यापक हिंद-प्रशांत में अधिक स्थिर शक्ति संतुलन को बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर काम कर सकते हैं। इस बजट अनुरोध के साथ, हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी सेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यासों, सूचना-साझा करने और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं।

ऑस्टिन ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों और साझेदारों के व्यापक नेटवर्क खासतौर से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद के प्रयासों का समर्थन करे। हिंद-प्रशांत पर कांग्रेस की एक अलग सुनवाई में अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने सांसदों से कहा कि क्षेत्र में चीन के आक्रामक कदमों के बीच मजबूत अमेरिका-भारत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत के लिए आवश्यक है। एक्विलिनों ने सांसदों से यह भी कहा कि 2021 में भारत के साथ अपने लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच चीन ने एक भूमि सीमा कानून पारित किया, जिसमें दावा किया गया कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की संप्रभुत्ता और क्षेत्रीय अखंडता पवित्र और अटूट है और इसमें सीमा सुरक्षा में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की अधिक संलिप्तता के लिए एक कानूनी रूपरेखा प्रदान की गयी है।

# कांग्रेस कुछ सालों में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




गौचर (उत्तराखंड)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस कुछ सालों में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। उन्होंने उसके अंदर चल रही अंतर्कलह की तुलना टेलीविजन रियल्टी शो 'बिग बॉस' से की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष सिंह ने यहां एक चुनावी सभा में कहा, कांग्रेस से नेताओं का बाहर निकलना जारी है। एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मुझे डर है कि आज से कुछ सालों में कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त न हो जाए। उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पौड़ी लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, मुझे डर है कि आज से कुछ सालों बाद कांग्रेस कहीं डायनासोर की तरह विलुप्त न हो जाए। 2024 के बाद कुछ सालों में अगर हम कांग्रेस का नाम लेंगे तो बच्चे पूछेंगे कि कौन?

उन्होंने विपक्षी दल के अंदर जारी गुटबाजी पर भी टिप्पणी की उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस नेता) हर दिन एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उनकी पार्टी टेलीविजन पर बिग बॉस के घर की तरह हो गई है। रोजाना वे एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत देश के रूप में उभरा है, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज स्पष्ट रूप से सुनी जाती है और उसे गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन में फंसे 22500 भारतीय छात्रों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के लिए मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बातचीत की जिसके बाद रूसयूक्रेन युद्ध चार घंटे से ज्यादा समय तक रुका रहा। सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत द्वारा की गयी प्रगति को दुनिया ने माना है। इस संबंध में उन्होंने भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर दुनिया को भविष्य देखना है तो उसे भारत आना पड़ेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, अब हम ज्यादातर रक्षा उपकरण देश में ही बना रहे हैं। पहले हम 600 करोड़ रुपये के उपकरण ही निर्यात करते थे लेकिन पिछले केवल सात सालों में ही हम 21000 करोड़ रुपये से ज्यादा के रक्षा उपकरण निर्यात कर रहे हैं। भारत अब एक साधारण देश नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो कहती है, वही वह करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना घोषणापत्र शब्दश: लागू किया है।

उन्होंने कहा, हमने कहा था कि हम जम्मूकश्मीर से अनुच्छे 370 हटाएंगे, हमने उसे हटा दिया। हमने कहा कि हम नागरिकता संशोधन कानून लाएंगे, हमने वह किया। हम 1984 से कह रहे थे कि हम अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाएंगे और हमने वह भी कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत कांग्रेस जैसी पार्टियां लोगों से झूठे वादे करती रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने अपने घोषणापत्रों के 50 फीसदी वादे भी पूरे किए होते तो भारत अब तक विकसित देश बन जाता।

# अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए कोरियोग्राफी करेंगी कृति महेश


मुंबई/एजेन्सी



'घूमर', 'ढोलीडा' और 'गर्मी' जैसे गानों को कोरियोग्राफ करने वाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति महेश अनुपम खेर द्वारा निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में कोरियोग्राफी करेंगी। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा करते हुए कृति के बगल में पोज देते हुए एक फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर कृति महेश मेरी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के गानों की कोरियोग्राफी कर रही हैं। कोरियोग्राफर की प्रशंसा करते हुए अनुपम ने कहा, वह अपनी संवेदनशीलता, कल्पनाशीलता और निश्चित रूप से अपनी प्रतिभा के साथ स्क्रीन पर जादू पैदा करती हैं।

'तन्वी द ग्रेट' का हिस्सा बनने के लिए कृति को धन्यवाद।'' अनुपम द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एम.एम. कीरावनी और जापानी डीओपी केइको नकाहारा भी हैं।

अपना आभार व्यक्त करते हुए कृति ने कहा, 'तन्वी द ग्रेट' मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है। मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं अनुपम खेर की आभारी हूं। हम साथ मिलकर दर्शकों के लिए एक यादगार फिल्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने 69वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने अपनी अगली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की घोषणा की, जिससे 22 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर उनकी वापसी हुई। अनुपम ने 2002 में अनिल कपूर, फरदीन खान और अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'ओम जय जगदीश' से निर्देशन की शुरुआत की थी।



# दुलकर सलमान की फिल्म 'लकी भास्कर' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

जानेमाने अभिनेता दुलकर सलमान की आने वाली फिल्म 'लकी भास्कर ' का टीजर रिलीज हो गया है। दुलकर सलमान की आने वाली फिल्म 'लकी भास्कर' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। टीजर में दुलकर बॉम्बे के मगाडा बैंक में एक कैशियर के रूप में नजर आ रहे हैं ।

इस फिल्म में दुलकर सलमान के साथ मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी ।टीजर में दुलकर सलमान भास्कर बने हुए हैं। जो एक बैंकर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।एक दिन उनके पास अचानक बहुत सारा पैसा आ गया, जिससे सभी को आश्चर्य हुआ कि उन्होंने यह पैसा कैसे कमाया। सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के सहयोग से निर्मित फिल्म 'लकी भास्कर' तेलुगु, मलयालम, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। इस फिल्म के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार हैं। यह फिल्म इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है।

# 'मिर्जापुर' के लिए प्रशंसकों का प्यार बहुत गहरा है : रसिका दुग्गल

मुंबई/एजेन्सी



लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का जल्द ही प्रीमियर होने वाला है, और इसमें अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि सीरीज की टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि प्रशंसकों के लिए इसका अनुभव बेहद शानदार रहे। सीरीज में बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा कि वह इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रसिका दुग्गल ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, 'मिर्जापुर' को प्रशंसकों की जो सराहना और समर्थन मिला है, वह बहुत ही शानदार है, मेरे जीवन में इसका खास स्थान है। इसके प्रशंसकों का इसके प्रति लगाव काफी गहरा है। मैं बहुत खुश हूं कि हमने तीसरा सीजन बनाया है और दर्शकों को जल्द ही यह देखने को मिलेगा। मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं। रसिका ने कहा, मेरा मानना है कि 'मिर्जापुर' के प्रशंसक इसलिए काफी अधिक हैं क्योंकि लोगों ने वास्तव में इसके किरदारों को पसंद किया और उनके प्रति एक प्रकार का जुड़ाव महसूस किया है। यह शो दिखावटीपन नहीं करता है। यह उन किरदारों के साथ लोगों के जुड़ाव के बारे में है। हम पहले ही ऐसा कर चुके हैं, और हम यह काम हर सीजन में करते हैं। हमने इस सीजन में भी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से ऐसा ही किया है। अभिनेत्री ने कहा कि अली फजल द्वारा निभाया गया बंदूकधारी गैंगस्टर गुड्डू भैया सीरीज में उनका पसंदीदा किरदार है। रसिका ने यहां रेड लॉरी फिल्म महोत्सव के पहले संस्करण से इतर कहा, अली ने गुड्डू भैया का किरदार जिस तरह से निभाया, वह मुझे बेहद पसंद आया। यह इतना प्यारा किरदार है कि मैं (यहां तक कि) इसे निभाना पसंद करूंगी। अमेजन प्राइम वीडियो की यह सीरीज उत्तर प्रदेश और बिहार में गैंगवार तथा अवैध रूप से हथियार बनाने वाले गिरोहों के इर्द-गिर्द घूमती है।

# 'पुष्पा: द रूल' के नेटफ्लिक्स ने खरीदे ओटीटी राइट

मुंबई/एजेन्सी



दक्षिण भारत के ख्यातनाम अभिनेता अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म पुष्पा: द रूल, जिसे पुष्पा-2 के नाम से भी जाना जाता है इन दिनों बहुत चर्चाओं में हैं। 8 अप्रैल को इस फिल्म के निर्माताओं ने इसका टीजर जारी किया था, जिसे दर्शकों से अच्छा प्रतिसाद मिला है। इस फिल्म को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस फिल्म के 6 मिनट के एक दृश्य पर निर्माताओं ने 60 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस दृश्य को फिल्माने में 30 दिन का समय लगा। रिपोर्ट्स की मानें तो 'पुष्पा 2' का बजट 500 करोड़ रुपए का है। फिल्म के म्यूजिक राइट्स और हिंदी सैटेलाइट राइट्स 'टी सीरीज' को 60 करोड़ रुपए में बेच दिए हैं। वहीं तेलुगु सैटेलाइट राइट्स को 'स्टार मां' को दिए हैं। इसकी अमाउंट को लेकर कोई जानकारी नहीं है। वहीं खबर यह भी है कि नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स लिए हैं और इसके 100 करोड़ दिए हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई ऑफिशयल अनाउंसमेंट नहीं हुई है।

कुछ दिनों पहले 'पुष्पा 2' का पहला टीजर रिलीज हुआ था जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अल्लू के बर्थडे पर इस टीजर को रिलीज किया गया था। अल्लू ने टीजर शेयर करते हुए लिखा था, मैं आप सबके बर्थडे विश के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। मेरा दिल आपके प्यार से भर गया है। प्लीज इस टीजर को मेरी तरफ से थैंक्यू समझें।



# ओटीटी प्लेटफार्म चौपाल पर रिलीज होगी फिल्म 'दरार 2'

मुंबई/एजेन्सी

ओटीटी प्लेटफार्म चौपाल पर मल्टी स्टारर फिल्म 'दरार 2' प्रदर्शित होगी। फिल्म दरार 2 में कुणाल सिंह, सुशील सिंह, अनिल सम्राट और प्रवेश लाल यादव मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म दरार 2, सुशील कुमार उपाध्याय द्वारा निर्देशित फिल्म है। चौपाल के मुख्य चीफ कंटेंट ऑफिसर नितिन गुप्ता ने कहा, चौपाल में भोजपुरी फिल्मों की एक बड़ी लाइब्रेरी है, जिससे कोई भी अपनी पसंदीदा क्षेत्रीय सामग्री एक ही स्थान पर देख सके। दरार 2 एक ऐसी फिल्म है जो मनोरंजन से भरपूर है। फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी। यह ड्रामा फिल्म ओटीटी चौपाल पर देखी जा सकती है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

स्थानीय जैन युवा संगठन 21 अप्रैल को श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाने जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न सभा संस्थाएं अपना सहयोग देंगी तथा प्रभु महावीर के संदेश एवं जैन समाज की अखंडता एकता को परिलक्षित करती हुई अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।



# प्रतिभा बालिका मंडल अक्कीपेट का पांच दिवसीय समर कैम्प सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय प्रतिभा बालिका मंडल अक्कीपेट द्वारा पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस शिविर में 45 बालिकाओं ने बिना गैस जलाए सात्विक जैन रेसिपी, रंगोली(गवली) बनाना, क्ले द्वारा नेमप्लेट मेकिंग, टेबल मैनर्स,धार्मिक गाने पर नृत्य, मेकअप और स्वयं की रक्षा बचाव यानी सेल्फ डिफेंस के गुर सीखे। समापन समारोह में मंडल की उपाध्यक्ष स्नेहा वडेरा ने मंच संचालन किया। गोल्डन लीडर दमयंती लुंकड़ एवं सिल्वर लीडर गीतू भंसाली ने समर कैंप की जानकारी दी। मंत्री सिमोन सालेचा, कोषाध्यक्ष सलोनी नेतानी ने व्यवस्था संभाली। समापन समारोह में अक्कीपेट स्थानक संघ के चेयरमैन माणकचंद वडेरा, अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा, उपाध्यक्ष केवलचन्द पालरेचा, सहमंत्री विनोद भूरट सहित प्रतिभागियों के अभिभावक उपस्थित थे। अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा एवं विनोद भूरट ने अपने विचारों द्वारा बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया और प्रोत्साहन बढ़ाया । लीडर दया लुंकड़ ने सभी को धन्यवाद दिया ।



# संतश्री वीरेन्द्रमुनि का चातुर्मास मंजुनाथनगर जैन भवन में घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सकल जैन संघ,मंजूनाथनगर,शिवनगर के सदस्यों के निवेदन पर मंजूनाथनगर स्थित जैन भवन में संतश्री वीरेन्द्रमुनि जी वर्ष 2024 का चातुर्मास घोषित हुआ। चेन्नई के वडमंगलम स्थित जैन दिवाकर रत्न विमल सेवा धाम में मंजूनाथनगर चातुर्मास की घोषणा होते ही जैन संघ में हर्ष की लहर दौड़ गई।

इस मौके पर संघ के अध्यक्ष संघवी उत्तमचन्द आच्छा, उपाध्यक्ष विनोद मेडतवाल, मंत्री राकेश दलाल, कोषाध्यक्ष रेखराज सांडबोहरा, सुरेश बाघमार, माणकचन्द धानेशा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री अंकित आच्छा ने दी ।



# महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में होंगी महावीर के सिद्धांतों पर आधारित झांकियां

## फ्रीडम पार्क में 21 अप्रैल को होगा जन्मकल्याणक महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जैन युवा संगठन 21 अप्रैल को श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाने जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न सभा संस्थाएं अपना सहयोग देंगी तथा प्रभु महावीर के संदेश एवं जैन समाज की अखंडता एकता को परिलक्षित करती हुई अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों की व्यवस्थाओं को लेकर लेकर संगठन ने एक बैठक का आयोजन गोड़वाड़ भवन में किया गया। अध्यक्ष महेन्द्र बागरेचा ने उपस्थित संघ संथाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। मंत्री मदन मुणोत ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रभु महावीर के विशाल शोभायात्रा में अनेक अलग अलग जैन सिद्धांत एवं तत्व को दर्शाती हुई सुंदर झांकियों का नजारा रहेगा।

झाँकी जुलूस व्यवस्था समिति के चेयरमैन विक्रम श्रीश्रीमाल ने शोभायात्रा में शामिल होने वाले झांकियों की समीक्षा की तथा नियमों का पालन करते हुए झांकियों के प्रदर्शन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का आयोजन समस्त जैन समाज के मंडल के साथ टाउन हॉल से एसपी रोड, नगरथपेट, एवेन्यू रोड, आदिनाथ जैन मंदिर चिकपेट, बीवीके अय्यांगार रोड, हॉस्पिटल रोड, मैसूर बैंक सर्कल, शेषाद्रि रोड होते हुए कुंडलपुर नगरी (फ्रीडम पार्क) पहुंचेगी। सुरक्षा समिती के चेयरमैन हितेश कांकलिया ने बताया कि समारोह की सुरक्षा व शोभायात्रा आज्ञा संबंधित कार्य गतिमान है और इस बार कुंडलपुरी नगरी में सीसी टीवी से निगरानी की जाएगी तथा चुनाव आचार सहिंता का पालन करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बैठम में संगठन के उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, सहमंत्री विशाल गुगलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिवेंसरा, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश बाबेल, पूर्व सहमंत्री रितेश मेहता, जुलुस एवं झांकी समिति के सहचेयरमैन जीतेश वाया, अभय कतरेला, सुनील महेर आदि उपस्थित रहे। सहमंत्री विशाल गुगलिया ने धन्यवाद दिया।

### गणगौर पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के वैध सेन समाज की महिला सदस्याओं ने राजस्थान की गौरवमयी संस्कृति के प्रतिबिम्ब तथा आस्था एवं पारिवारिक सौहार्द के प्रतीक पावन पर्व गणगौर का आयोजन की तथा परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशियों की कामना की।

# मंदिर के साथ प्रभु को 'मनमंदिर' में भी विराजित करें : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कलबुर्गी। शहर के भारत प्राइड पार्क के नवनिर्मित जिनालय की अंजनशलाका प्रतिष्ठा के पहले दिन आचार्य श्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में जिनालय में नूतन प्रतिमाओं का प्रवेश हुआ। तत्पश्चात् नंदावर्तपूजन, नवपद पूजन, वीशस्थानक, अष्टमंगल, पाटला, दशदिग्पाल व नवग्रहपाटला पूजन हुआ। इसके बाद च्यवन कल्याणक का विधान हुआ। इस मौके पर आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तीर्थंकर भगवंतों का आध्यात्मिक व्यक्तित्व, पुण्यप्रभाव, गुणसमृद्धि का श्रवण मात्र से बंद नेत्रों से भी हमें हृदय में उसका अनुभव हो उस प्रक्रिया को कहते हैं अंजनशलाका। प्रतिष्ठा महोत्सव में मंदिर के साथ साथ प्रभु को हमें अपने मन मंदिर में भी विराजमान करना चाहिए। तीर्थंकर भगवान के विधानों से हमारी अनंत पुण्यराशि बढ़ती है। आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी के मार्गदर्शन में एवं मनोजकुमार हरण के निर्देशन में यह महोत्सव गतिमान है।



# भंडारी जैन कॉलेज का 98 प्रतिशत रहा पीयूसी द्वितीय का परिणाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय आदिनाथ जैन शिक्षण संघ के सीबी भंडारी जैन पीयू कॉलेज का द्वितीय पीयूसी के परीक्षा का परिणाम 98.14 प्रतिशत रहा। कॉलेज के 22 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन, 27 को प्रथम श्रेणी में और 4 को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुई। कॉलेज की छात्रा तेजस्विनी जे. ने 600 अंक में 583 अंक प्राप्त करके 97.16 प्रतिशत लेकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर 95 प्रतिशत के साथ पूजा ए., तीसरे स्थान पर 94.16 प्रतिशत के साथ खुशी गुप्ता, 93.66 प्रतिशत नम्बर लेकर हीनाकुमारी चौथे नंबर पर तथा पांचवें नंबर पर वंशिका कुमारी ने 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



# जीतो महिलाओं की गणगौर पोस्टर बनाने की कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नार्थ चैप्टर के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तहत डिस्कवर दि आर्ट ऑफ़ गणगौर पोस्टर बनाने की कार्यशाला जीतो कार्यालय में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुई। मुख्य प्रशिक्षक भाविका कोठारी ने वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से कैनवा एप्प का महत्व बताते हुए कहा कि यह एक वेब-आधारित ग्राफिक डिज़ाइन टूल है जो उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया, प्रोडक्शन्स, फ़्लायर्स और अन्य जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए डिज़ाइन बनाने में सहयोग करता है। पोस्टर प्रतियोगिता में सुष्मिता सेठिया प्रथम रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में 74 वर्षीय कवियित्री एवं नृत्यांगना देवा नाहटा ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। भारतीय नृत्य तन, मन और आत्मा के शुद्धिकरण का एकमात्र मंत्र है। उन्होंने भरतनाट्यम नृत्य, कविता और अभिनय की बारीकियां बताईं नाटिका की मोनिका एंड ग्रुप द्वारा तथा समूह नृत्य की प्रस्तुति सिंपल, शीतल ग्रुप द्वारा दी गई। प्रायोजक प्राइड बिल्डर्स का परिचय विनोद खटेड़ ने दिया। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना एवं रेश्मा पुनमिया ने निर्णायक की भूमिका निभायी। मीना बडेरा, संगीता नागौरी ने व्यवस्था सँभाली। साऊथ चैप्टर अध्यक्ष सुनीता गांधी, नॉर्थ मेंटर सरिता खिंवेसरा, तेरापंथ महिला मंडल राजराजेश्वरीनगर अध्यक्ष सुमन पटावरी ,पुष्पा बोहरा सहित लेडीज विंग की 130 महिलाएं उपस्थित थी। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।



# खरतरगच्छ महिलाओं ने स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार व स्वस्थ दिनचर्या के बारे में जाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिलभारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा द्वारा साध्वीश्री सुलोचनाश्री की शिष्याओं की निश्रा मेंआराधना भवन में शिल्पा बांठिया द्वारा महिलाओं को सुखद व स्वस्थ जीवन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बांठिया ने उपस्थित महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वस्थ दिनचर्या, दैनिक शारीरिक अभ्यास, नियमित स्वास्थ्य चैकअप आदि विषयों पर जानकारी दी । परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने सभी का स्वागत करते हुए शिल्पा बांठिया का परिचय दिया। रीता पारख, आरती जैन, पवनी बाफना, यशोदा गुलेच्छा, कांता फोफलिया ने शिल्पा का सम्मान किया। परिषद की मंत्री रेखा चोपड़ा ने सभी को धन्यवाद दिया। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा ने दी।



# बेलगावी में भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक सरकार जिला प्रशासन व भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव मध्यवर्ती उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में महावीर भवन हिंदवाड़ी में प्रभु महावीर स्वमी का 2622वां जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन 21 अप्रैल को किया जा रहा है। उसी संदर्भ में आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के सचिव राजेंद्र कटारिया ने बताया कि समिति गत 25 वर्ष से यह महाआयोजन करते आ रही है। इस वर्ष 15 अप्रैल को =भरतेश विद्या वर्धक संघ में सुबह से रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। 16 को महावीर भवन में अर्हम विज्ञा द्वारा लाइफ स्टाइल कोचिंग कार्यशाला शाम को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, 17 को सुबह घर पर काम करने वाली महिलाओं के लिए बिजनेस स्टाल और सामूहिक भजन, कलर्स आफ इंडिया समूह नृत्य, पाक प्रतियोगिता, साड़ी डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 18 को बच्चों के लिए जिनभजन प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता और प्रतिभा पुरस्कार का आयोजन किया गया है। 19 का शाम को ब्राह्मी से गोमटेश तक नामक नाटक का आयोजन किया है। 21 अप्रैल को जन्मकल्याणक के मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में रानी चेनम्मा विश्व विद्यालय के उपकुलपति डॉ. त्यागराजा व पद्मश्री डा. मदन गोडबोले उपस्थित होंगे। इसके पश्चात शोभायात्रा के रथ की पूजा, झांकियों का शोभायात्रा का तथा बाइक रैली उद्घाटन किया जाएगा। इस विनोद दोडन्नवर, राजेंद्र जक्कन्नवर, राजु खोड़ा, सागर बोरगल आदि उपस्थित थे।



# जीतो साऊथ चैप्टर को मिला 'बेस्ट चैप्टर' का पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) के त्रिदिवसीय केकेजी ज़ोन सम्मेलन 2.0 'ख़ुशियों की गारंटी' में बेंगलूरु साऊथ चैप्टर को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सराहा गया।

बेंगलूरु के दोनों साऊथ व नार्थ चैप्टर को सम्मिलित रुप से श्रेष्ठ चैप्टर्स के रूप में सम्मानित किया गया। ज्ञानवर्धन कार्यक्रम आयोजन और अर्थपूर्ण सामुदायिक योगदान के लिए के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला विंग (मेट्रो) के अवार्ड से बेंगलूरु साऊथ की लेडीज विंग सम्मानित हुई। यूथ विंग को भी बेस्ट यूथ विंग चैप्टर के रुप में पहचान मिली। गौरतलब है कि साऊथ चैप्टर में सदस्यता की संख्या में उल्लेखानीय बढोतरी दर्ज़ हुई है।



# परिधि की महिला सदस्यों ने गाए गणगौर के गीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि कर्नाटक की टीम ने अग्रसेन भवन में गणगौर का कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 150 महिलाओं ने भाग लिया। महोत्सव में शिव-पार्वती के विवाह पर नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अग्रवाल सहित कर्नाटक प्रदेश मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष रमाकांत सर्राफ, सचिव शिवकुमार टेकड़ीवाल, सहअध्यक्ष सीताराम अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्वलन किया। परिधि की अध्यक्ष माया अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। मंजू अग्रवाल ने गणगौर उत्सव पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। संयोजिका पूजा अग्रवाल, लता चौधरी, पल्लवी पोदार, रीतू अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, जया चौधरी, नेहा अग्रवाल, निर्मला गोयल, सविता जुत्ता और हेमलता अग्रवाल ने व्यवस्था संभाली। सचिव शालिनी अग्रवाल ने धन्यवाद दिया।

# युवक ने की आत्महत्या

बेंगलूरु। एक इलेक्ट्रिक विभाग के अनुबंधित कर्मचारी ने मैसूरु रोड के नायडहल्ली के पास स्थित फ्लाई ओवर से कूदकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार नवीन कुमार (30) मैसूरु रोड के कर्नाटक बिजली कम्पनी में एक अनुबंधित कर्मचारी था और गत चार माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। शुक्रवार को सुबह वह घर से बाहर जाने के लिए निकला और नायडहल्ली फ्लाईओवर से कूदकर आत्महत्या कर ली।

### मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के सदस्यों ने श्रीरामपुरम स्थित कन्या आश्रम गर्ल्स होम में नवीन हिंगड़ परिवार के सौजन्य से आश्रम में प्रवासित निराश्रित 95 कन्याओं को पुस्तक वितरण एवं नाश्ता वितरण किया गया। तेयुप के अध्यक्ष कमलेश गन्ना, राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी, हरीश पोरवाड़ ने मानवसेवा कार्य में सेवा दी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com